दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 249 जयपुर, शनिवार, 19 अगस्त, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### तीज आज... तीज माता की निकलेगी शाही सवारी



**जयपुर।** राजधानी में शनिवार को तीज माता की शाही सवारी शाम 5.45 बजे से निकलेगी। इस सवारी में सिटी पैलेस के जनाना ड्योढ़ी से लवाजमे के बीच निकलने वाली तीज माता चांदी की पालकी में विराजमान रहेगी। सबसे आगे हाथी पर पंचरंगा ध्वज माता की सवारी की अगुवानी करेगा। इस बीच, शुक्रवार को अखंड सुहाग की कामना का पर्व सिंजारा मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर अखंड सुख-सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। ■ पेज 3 भी देखें

### प्रिंसिपल व अध्यापक को एसीबी ने घूस लेते रंगे हाथों दबोचा

**जोधपुर।** जोधपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए मथानिया थाना क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल व अध्यापक को दो हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीएड इंटर्न स्टूडेंट को सर्टिफिकेट देने के एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सुधार ढाणा-मथानिया के टीचर सांवरमल व प्रिंसिपल मनोहर सिंह को दो हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी के पास शिकायत आई थी कि बीएड इंटरशिप प्रमाण पत्र देने के एवज में घूस देने के लिए मनोहर सिंह इंटर्न स्टूडेंट को परेशान कर रहा है। इस पर उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के निर्देशन में टीम बनाई गई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## मुख्यमंत्री का महिलाओं व कोचिंग संस्थानों के संचालकों से संवाद

# अब घोषणा नहीं... गारंटी दूंगा चुनाव के बाद करूंगा पूरी

### छात्रों की आत्महत्याओं पर रोकथाम के लिए समिति का होगा गठन

### सुसाइड देशव्यापी समस्या, राजस्थान में आंकड़े बेहद कम



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को महिलाओं और कोचिंग संचालकों के साथ संवाद किया। उन्होंने इस दौरान छात्रों की बढ़ती आत्महत्याओं की रोकथाम के लिए समिति गठित कर उसे 15 दिन में रिपोर्ट देने का ऐलान किया। इसके साथ ही सीएम गहलोत ने सखी सम्मान समारोह में महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि मैंने घोषणाएं करने में कमी नहीं रखी, अब चुनाव आने वाले हैं। चुनाव में घोषणाएं तो कर नहीं सकेंगे। इसलिए सोच रहा हूं, अब मैं घोषणाएं करने की जगह आगे के लिए गारंटी देना शुरू कर दूं। सरकार बनते ही आपको दी हुई गारंटी पूरी करूंगा। मैंने कहा था आप मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा।

गहलोत ने कहा कि पहले महिला जनप्रतिनिधियों का काम उनके पति संभालते थे। यहां तक की बैठक में भी वहीं बैठ जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। वहीं, गहलोत ने देर रात कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक देशव्यापी समस्या है। राज्य सरकार हमेशा इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील रही है तथा समय-समय पर राज्य के कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को तनावमुक्त तथा सुरक्षित माहौल मुहैया कराने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। गहलोत ने कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या के बढ़ते प्रकरणों एवं उनकी रोकथाम के उपाय सुझाने के लिए प्रमुख शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। ■ पेज 2 भी देखें

### 24 घंटे की हेल्पलाइन सेवा

संवाद के दौरान कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोचिंग सेन्टर पर हेल्थ जोन, वेलनेस सेन्टर तथा क्लिनिकल काउंसलिंग की व्यवस्था की जा रही है। विद्यार्थियों में मानसिक तनाव कम करने के लिए मनोरंजन व खेलकूद के साधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। साथ ही, 24 घंटे की हेल्पलाइन सेवा तथा ई-कम्प्लेंट पोर्टल की शुरुआत भी की गई है।

### देश में 13 हजार छात्रों ने की खुदकुशी

संचालकों के साथ संवाद में गहलोत ने कहा कि कोचिंग संस्थानों से संबंधित मुद्दों को चिह्नित कर उन पर रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता है। कोचिंग संस्थानों, छात्रों एवं अभिभावकों के मध्य समन्वय स्थापित करने के निरंतर प्रयास भी राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों की आत्महत्या एक देशव्यापी समस्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार देशभर में वर्ष 2021 में विद्यार्थियों के 13 हजार से भी अधिक आत्महत्याओं के मामले दर्ज हुए, जिनमें महाराष्ट्र में सर्वाधिक 1834 है। राजस्थान में यह आंकड़ा 633 है, जो दूसरे राज्यों की तुलना में कम है, लेकिन राज्य सरकार इस मुद्दे के प्रति गंभीर तथा संवेदनशील है।

**भ्रामक विज्ञापनों पर प्रभावी कार्रवाई:** अधिकारियों ने बताया कि कोचिंग संस्थानों के छात्रों पर अनावश्यक दबाव को रोकने के क्रम में करवाई गई स्टडी के निष्कर्षों के आधार पर दिशा निर्देश जारी किए गए। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में निगरानी तंत्र द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है।

## नारायण मूर्ति का नेताओं को संदेश

# राजनेता उदाहरण पेश करेंगे तभी देश में होगा रामराज्य

### इंफोसिस के फाउंडर ने कहा- जयपुर से 30 साल से ज्यादा का साथ



बेधड़क | जयपुर

इंफोसिस के फाउंडर पद्म विभूषण एनआर नारायण मूर्ति ने मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को लेकर राजनेताओं को सलाह देते हुए कहा है कि देश के राजनेता उदाहरण पेश करेंगे तो इस देश में रामराज्य स्थापित होते हुए दिखेगा। बस, नेता अपनी विश्वसनीयता बनाए रखें और देश में उदाहरण पेश करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बहुत संभावनाएं हैं। यह देश को आगे ले जाना वाला राज्य है। देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाना असंभव नहीं है। इकोनॉमिक ट्रांसफॉर्मेशन से पहले कल्चरल ट्रांसफॉर्मेशन आना जरूरी है। पहले टेक्नोलॉजी और पॉलिटिकल चैलेंज बहुत ज्यादा थे। उस समय किसी को फोन लगाना भी आसान नहीं था, तकनीक में हम बहुत कमजोर थे। विदेश व्यापार करना भी आसान नहीं था।

शुक्रवार को जयपुर पहुंचे नारायण मूर्ति ने जयपुर सिटीजन फोरम फेस्टिवल के टॉक शो में खुश रहने का मंत्र साझा करते हुए कहा कि खुशी पाने के लिए पैसों की जरूरत नहीं होती। यह तो बिल्कुल मुफ्त मिलती है। इसके लिए अच्छा संगीत सुनो, अच्छी किताबें पढ़ो और अच्छे दोस्त चुनो। यह सब खुशियां देंगी। मेरे पिता ने हम लोगों को यही सिखाया है।

नारायण मूर्ति ने कहा कि वह जयपुर से 30 साल से ज्यादा समय से जुड़े हैं। जयपुर उनके घर मैसूर की तरह हैं। यह खूबसूरत शहर है।

### मिर्जा इस्माइल मैसूर के भी दीवान थे

मिर्जा इस्माइल मैसूर के दीवान थे। फिर यहां के भी दीवान हुए। इस दौरान नारायण मूर्ति ने भारतीय अर्थव्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी और रिफॉर्म्स पर भी चर्चा की। इस टॉक शो में मूर्ति के साथ नैसकॉम के संस्थापक हरीश एस. मेहता और टेक महिंद्रा के सीईओ एवं एमडी, चंदर पी गुरनानी ने परिचर्चा की। इस मौके पर राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस का कर्नाटक फॉर्मूला: प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा बोले... सितंबर के अंत में आएगी पहली सूची

# पार्टी विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का होगा आकलन

### कैंपन सहित अन्य कमेटियों का एक दो दिन में होगा ऐलान



बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा है कि विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का आकलन किया जाएगा। इसके लिए सर्वे चल रहा है। यह देखा जाएगा कि उसके खिलाफ किस तरह के मुद्दे हैं। प्रत्याशी चयन से पहले उसके प्रभाव को भी देखा जाएगा। सरकार रहती है तो मंत्री और विधायकों के खिलाफ इस तरह का माहौल बन ही जाता है। यह नहीं देखा जाएगा कि वो किस गुट का है, केवल यह देखा जाएगा कि वो कांग्रेस के साथ है या नहीं। इसके बाद भी उम्मीदवारी पर फैसला किया जाएगा।

रंधावा ने शुक्रवार को एआईसीसी में मीडिया से कहा कि सितंबर के अंत तक कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी जाएगी। चुनाव को लेकर ज्यादातर समितियों का गठन कर दिया गया है। दो-तीन दिन में चुनाव कैंपेन कमेटी सहित बाकी बची कमेटियों का भी गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में गुटबाजी चरम पर है, कांग्रेस में सब ठीक है। सभी बैठकों में सभी प्रमुख नेता भाग ले रहे हैं, लेकिन भाजपा में क्या हो रहा है, सबको दिख रहा है।

### चुनाव समिति की बैठक आज

कांग्रेस की चुनाव समिति की पहली बैठक शनिवार को यहां होगी। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट समेत सभी 29 सदस्य शामिल होंगे। बैठक में पार्टी की तरफ से बनाई गई स्क्रीनिंग कमेटी सदस्य भी शामिल होंगे। बैठक में एआईसीसी की तरफ से भेजे गए कमेटी के सदस्य अभिषेक दत्त और गणेश गोदियाल भी मौजूद रहेंगे।

ICFAI UNIVERSITY
The ICFAI University, Jaipur
CUET based Admission Counselling



Highest Pay Package ₹20.75 Lakhs per annum
Early Bird Scholarships available for first few admissions only
PROGRAMS OFFERED
B.Tech | B.Sc. Forensic Science | BCA Cloud Computing | BPT Physiotherapy
BBA-LL.B (Hons.) | BA-LL.B (Hons.) | LL.M
Extensive Internship Programs | 100% Placement Assistance | Triple Layer Scholarships including State Govt. Scholarships
RANKINGS
AAA RATED Among Deemed, Central, State Pvt. Universities of Rajasthan for best Engineering Colleges Careers 360 2023
3 RANKED Among Top Engineering Colleges of Rajasthan CSR - GHRDC 2022
15 RANKED Among Outstanding B-Schools of Excellence CSR - GHRDC 2022
AA+ RATED Among Top Law Colleges of Rajasthan Careers 360 2022
33 RANKED Among Top Universities of India IIRF - 2023
HIGHLIGHTS
▸ Fabulous Scholarships for the wards of Armed Forces ▸ On-campus, fully furnished, separate Hostels for Boys & Girls ▸ Excellent Career Oriented Academic Delivery and Placement Assistance ▸ Impressive Infrastructure including large Football & Cricket grounds and Basketball Court ▸ Realtime Industry interface, Mentorship and Live projects ▸ Lush green Campus spread over 40 Acres at Jamdoli, Jaipur ▸ Transport Facility
Admission Cell Open on Sunday also
Call: 9982598000; 7597730269; 9116666335
Campus: Agra Road, Jamdoli, Near Cambay Golf Resort, Jaipur, Ph: 8094688800
For details & eligibility, please visit: www.iujaipur.edu.in
/iujaipur
ICFAI GROUP
● 11 Universities ● 9 B-Schools ● 8 Law Schools ● 7 Tech Schools ● 3 Decades in Flexible Learning


## इसरो का मिशन मून

# लैंडर मॉड्यूल की स्थिति सामान्य चांद के करीब हमारा चंद्रयान-3

एजेंसी | बेंगलुरु

इसरो ने शुक्रवार को कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) को चंद्रमा के करीब ले जाने वाली एक 'डिबूस्टिंग' प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है और इसकी स्थिति सामान्य है।

लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल 20 अगस्त को दूसरी 'डिबूस्टिंग' (गति कम करने की प्रक्रिया) से गुजरेगा, जिसके तहत इसे एक कक्षा में उतारा जाएगा जो इसे चंद्रमा की सतह के बहुत करीब ले जाएगा।



### इसरो ने वीडियो किया शेयर

इसरो ने चंद्रमा का नया वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो चंद्रयान-3 द्वारा जारी किया गया है। इसे चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर के एलपीडीसी द्वारा कैप्चर किया गया है। इसरो के ट्वीट के मुताबिक यह वीडियो 15 अगस्त को लिया गया। इस वीडियो में चंद्रमा के क्रेटर का दृश्य दिखाई दे रहा है। इसके अलावा लैंडर इमेजर (एलआई) कैमरा -1 ने एक अन्य वीडियो कैप्चर किया है। इस वीडियो में छोटे रूप में धरती की एक झलक दिखाई दे रही है।

### एलपीडीसी की विशेषता

चंद्रयान 3 में लगे एलपीडीसी सेंसर ने चंद्रमा का वीडियो बनाया है। इसके जरिए चंद्रयान अपने लिए लैंडिंग की परफेक्ट लोकेशन भी ढूंढ़ेगा। यह सुनिश्चित करेगा कि कहीं चंद्रयान-3 किसी क्रैटर (गड्ढे) में तो नहीं जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इसी तरह का सेंसर चंद्रयान-2 में भी लगाया गया था।

## जरूरी खबर

### IIT प्रशिक्षणार्थियों को मिलेगा सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण




**जयपुर।** विद्यार्थियों को रोजगारो का प्रशिक्षण देने और उनकी क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अध्ययनरत 50 हजार प्रशिक्षणार्थियों को निशुल्क सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण देने के लिए 11.50 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। प्रस्ताव के अनुसार, आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों को प्रभावी संवाद एवं लेखन, उत्कृष्ट व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, रेज्यूमे लेखन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मास्टर ड्रेनेज परियोजना के लिए 5.25 करोड़ मंजूर

**जयपुर।** प्रदेश के शहरों में आमजन का जीवन सुगम बनाने के लिए उत्कृष्ट निकासी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर में मास्टर ड्रेनेज परियोजना के लिए 5.25 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से भरतपुर शहर में बरसाती और नालियों के गंदे पानी की निकासी हो सकेगी। स्वीकृति से आमजन को गंदा पानी जमा होने व जलभराव से जनित परेशानियों से निजात मिलेगी। इससे शहर को स्वच्छ रखने एवं हानिकारक बीमारियों के फैलाव को रोकने में सहायता मिलेगी।

### कम्प्यूटर लैब्स के लिए 30.12 करोड़ रुपए स्वीकृत



**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों में कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी की दक्षता विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्वीकृत 1255 कम्प्यूटर लैब्स के संचालन के लिए 30.12 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी कम्प्यूटर शिक्षा से जुड़कर वर्तमान की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार तकनीकी कौशल प्राप्त कर विद्यार्थी इससे बेहतर करियर बना सकेंगे और प्रतिष्ठित नौकरियां प्राप्त कर सकेंगे।

---

**बाहरी राज्यों से आए विधायक तैयार करेंगे** विधानसभावार चुनावी गणित का लेखा-जोखा

# पार्टी किस सीट पर मजबूत व कहां कमजोर, तैयार होगी रिपोर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा विधानसभा चुनावों में अपने अभियान मिशन फतेह राजस्थान को लेकर पूरी तरह से तैयारी में जुट गई है। चुनावी रणनीति के साथ-साथ अब भाजपा सभी 200 विधानसभा सीटों पर दूसरे राज्यों के विधायकों से रिपोर्ट तैयार करवाएगी।

इसके लिए शुक्रवार से यूपी, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, एमपी के 200 विधायक प्रदेश में पहुंचना शुरू हो गए हैं। दूसरे राज्यों से आए यह भाजपा के हर एक विधायक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है जो उन क्षेत्रों




में जाकर सात दिन तक रहेंगे और पूरी ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को सौपेंगे।

दूसरे राज्यों से राजस्थान में पहुंचे यह विधायक हर एक समीकरण पर नजर रखते हुए विधानसभावार चुनावी गणित का लेखा-जोखा तैयार करेंगे। कौनसी सीट पर भाजपा की मजबूत स्थिती है और कौनसी सीट पर कमजोर है इसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। वहीं पार्टी में किस विधानसभा सीट से कौन मजबूत दावेदार है और जनता में किसकी पकड़ ज्यादा है उनके नामों की सूची भी विधायक अपनी रिपोर्ट में शामिल करेंगे। इसके साथ ही किस विधानसभा सीट पर बागी, तीसरे मार्चे से नुकसान और फायदा पहुंच सकता हैं इस पर भी नजर रखेंगे।

चुनाव प्रबंधन और मेनिफेस्टो कमेटी की घोषणा के बाद अब भाजपा प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर जीत के लिए इस रिपोर्ट के आधार पर प्लान बनाएगी। जिससे पार्टी सभी जिम्मेदारियां बांटने के साथ सभी सीट जीतने को लेकर फोकस कर सकें।

### इन बिंदुओं पर पेश होगी रिपोर्ट

बताया जा रहा है कि वह सीट जहां पर भाजपा के इंटरनल सर्वे में कांग्रेस जीत रही है उन पर हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी। वहीं सर्वे की वह सीट जहां पर कांग्रेस व भाजपा में बराबर की टक्कर है उन सीटों पर बढ़त बनाने के लिए क्या रणनीति तैयार हो सकती है इस पर मंथन करेंगे। वहीं जिन सीटों पर भाजपा उपचुनाव हारी, उस हार के कारणों की समीक्षा करेंगे। साथ ही यह जिन सीटों पर भाजपा अपनी जीत मान रही है, उन पर कोई समीकरण बदल सकता है इस पर भी मंथन कर सकेंगे।

### प्रदेश सहप्रभारी कुलदीप विश्नोई आज जोधपुर में

प्रदेश भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी कुलदीप विश्नोई शनिवार को जोधपुर आएंगे। विश्नोई का राजस्थान में यह पहला दौरा है, जिसकी शुरुआत जोधपुर से हो रही है। विश्नोई के इस दौरे से कई राजनीतिक समीकरण बनने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान में लगभग हर विधानसभा क्षेत्र में विश्नोई मतदाता हैं।

### पार्टी को जिताने की रणनीति तैयार करेंगे

यह सभी विधायक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में सामाजिक समीकरण समझने के साथ ही वोटर्स पर फोकस करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बताया कि सभी अलग-अलग प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को जीताने की रणनीति तैयार करेंगे। इसमें सभी समीकरणों को और पार्टी कैसे चुनाव जीत सकती है, इसकी रिपोर्ट देंगे।

---

**राजीविका की ओर से आयोजित** सखी सम्मेलन में CM ने की घोषणा


# 43 लाख महिलाओं को मिलेगा 7 योजनाओं का लाभ: मुख्यमंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले हर वर्ग को साधने का प्रयास कर रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को सात बड़ी घोषणाएं की। राजीविका से जुडी प्रदेश के साढ़े 43 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिए यह घोषणाएं की गईं। दरअसल राजीविका की ओर से राजधानी जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में सखी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जहां मुख्यमंत्री ने महिला समूहों के उत्पादों का अवलोकन करते हुए महिलाओं से संवाद किया और उन्हें सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं करते हुए पुनः गारंटी शिविर शुरू करने की घोषणा की। मिशन रिपीट मोड़ पर काम कर रहे सीएम गहलोत ने राजीवीका से जुडी महिलाओं से संवाद करते हुए प्रदेश में कांग्रेस सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने की अपील की।

सरकार द्वारा महंगाई राहत कैम्प के जरिये 10 गारंटी योजनाओं के साथ अब एक और 11वीं गारंटी जोड़ने की घोषणा की।




### मानदेय बढ़ाने सहित की ये घोषणाएं

सीएम गहलोत ने महिलाओं से कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सरकार द्वारा निःशुल्क स्मार्ट फोन दिए जा रहे है। इसलिए राजीविका की महिलाएं 11वीं गारंटी का लाभ लेते हुए अन्य को भी जागरूक करें। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सखी सम्मेलन में राजीविका सखियों के लिए सात घोषणाएं की, जिसमे मानदेय 15 फीसदी बढ़ाने, 1000 करोड़ का ब्याज मुक्त कृषि ऋण देने, स्कूटी वितरण में ब्याज मुक्त ऋण देने, सेनेट्री नेपकिन की सप्लाई और उत्पादन राजीविका से करने और गांवो में इंदिरा रसोई योजना का संचालन राजीविका की महिलाओं को देने की घोषणा की है। वहीं सम्मलेन में राजीविका के बैंक चलाने वाले महिला संगठनों को ऋण वितरित किए गए साथ ही राजीविका के तहत श्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

### गहलोत ने सौपे चेक

मुख्यमंत्री ने बैंकों की ओर से दिए जाने वाले 381 करोड़ रुपए की ऋण राशि के चेक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौपे। साथ ही राजस्थान महिला निधि से दिए जाने वाले 63 करोड़ रुपए, आजीविका संवर्द्धन सहायता द्वारा दिए जाने वाले 160 करोड़ रुपए एवं जलग्रहण विकास कर्न्वजेंस सहायता द्वारा दिए जाने वाले 98 करोड़ रुपए की राशि के चेक भी राजीविका से जुड़ी महिलाओं को प्रदान किए। इस अवसर पर गहलोत ने महिलाओं को स्कूटी की चाबी सौंपी एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया।

### 43.51 लाख महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

महिलाओं को आर्थिक-सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए वर्ष 2010 में सोनिया गांधी की मौजूदगी में बांसवाड़ा से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजीविका का शुभारम्भ किया गया। राजीविका से प्रदेश में तब से अब तक 3 लाख 60 हजार समूहों में 43 लाख 51 हजार परिवारों की महिलाओं को जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया गया है। राजीविका के महत्व को बताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजीविका की महिलाओं पर गर्व जताया। गहलोत ने कहा कि महिलाएं पूरे आत्मनिर्भर होकर काम कर रही है। गांवो में महिलाएं घूंघट में कैद न रहे इसके लिए राजीव गांधी ने पंचायतीराज चुनावों में महिलाओं को अधिकार दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने योजनाओं की जानकारी देते हुए मिशन 2023 के लिए महिलाओं को तैयार करने की बात कही। वहीं सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने महिलाओं से संवाद करते हुए योजाओं और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। साथ ही महिलाओं ने मुख्यमंत्री से स्वास्थ्य को लेकर कुशलक्षेम जानी।

---

**महिला कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध**

# महिला अपराधों को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में महिला अपराध और हिंसा के मामलों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने शुक्रवार को शहर में गांधी सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस सरकार को घेरा। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा ने गांधी सर्किल के चारों तरफ मानव श्रृंखला बनानी का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। इसके चलते पुलिस और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के बीच में हल्की तकरार भी हुई।

इस दौरान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रक्षा भंडारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार मोबाइल की गारंटी दे रही है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी देने में नाकाम है। प्रदेश में अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और ऐसा कोई भी दिन नहीं है जब कोई महिला या बच्ची किसी अपराध की शिकार नहीं हुई हो। साढ़े चार में साल में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ी है। अब हालात ये हो चले हैं कि महिलाओं और बच्चियों को घर से बाहर निकलने में डर लगने लगा हैं।वहीं भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने भी कांग्रेस सरकार पर जुबानी हमला बोला। गुर्जर ने कहा कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की नाक के नीचे 25 दिन तक बालिकाओं को बंधक बनाकर रखा जाता है।

शासन और प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जाता है, उनका ध्यान तो सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली सरकार को बचाने में और सरकार को खुश करने में लगा रहता हैं। प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष जय श्री गर्ग, राधा भारद्वाज, प्रदेश मंत्री दीपा नाथावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी स्नेहा काम्बोज शर्मा, जिला अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, पार्षद रेखा राठौड़ सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

---

**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुरू की नई सुविधा**

# मुंबई में इलाज के दौरान राजस्थान के लोगों को रियायत दर में मिलेगा कमरा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सरकार द्वारा नवी मुंबई वाशी में स्थित, राजस्थान भवन सरकारी गेस्ट हाउस में एक सुविधा शुरू की है।

यदि राजस्थान के प्रवासी को या किसी परिजन का किडनी, कैंसर, हार्ट या लिवर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज मुंबई के किसी निजी या सरकारी अस्पताल में चल रहा हैं तो इलाज के दौरान




राजस्थान का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, अस्पताल में इलाज के दस्तावेज दिखने पर करीब 15 दिन के लिए डबल बेड का रूम 400 रुपए प्रति दिन के हिसाब से बुक कर सकते हैं।

इस कमरे की सामान्य बुकिंग दर 3080 रुपए है। 400 रुपए प्रतिदिन की यह सुविधा उच्च शिक्षा के बाद इंटरव्यू के लिए मुंबई आने वाले छात्रों को भी मिल रही है। इसके अलावा यहां रियायती दर पर भोजन व जलपान की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। राजस्थान भवन के उप महाप्रबंधक मनोज तिवारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में राजस्थान के अनेक लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं।

मुंबई महानगर भारत ही नहीं बल्कि विश्व के भी सबसे महंगे मेट्रो सिटीज में आता है। ऐसे में राजस्थान के लोगों के लिए इस सुविधा का होना किसी वरदान से कम नहीं है।

---

### होर्डिंग्स में नजर आईं वसुंधरा राजे




फोटो: राजेश कुमावत

**जयपुर।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भाजपा मुख्यालय के बाहर लगे होर्डिंग्स में नजार आईं। गुरुवार को चुनाव प्रबंधन व घोषणा पत्र समिति में राजे को शामिल नहीं किए जाने के बाद अब भाजपा मुख्यालय के बाहर लगे होर्डिंग्स में राजे को जगह दी गई हैं। इसमें एक तरफ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भी नजर आ रहे हैं।

---

**कांग्रेस का मिशन रिपीट अभियान**

# बूथ को मजबूत करने की बताई रणनीति, पर्यवेक्षकों ने दिया जीत का मंत्र

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के राजनीतिक रण में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने मिशन रिपीट को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। मिशन रिपीट अभियान को लेकर 25 पर्यवेक्षकों के सभी संसदीय क्षेत्रों के दौरे भी किए। इसके बाद पर्यवेक्षकों ने चुनाव जीतने के लिए बूथ को मजबूत कर चुनाव जीतने का मंत्र दिया।

हर संसदीय क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक विधानसभा को जीतने की रणनीति तैयार करते हुए सभी पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को हर विधानसभा में बूथ पर फोकस करने को कहा। पर्यवेक्षकों ने



पार्टी के कार्यकर्ताओं को कहा कि अगर वह बूथ को जीत लेते है तो चुनाव जीत जाएंगे। हालांकि कुछ पर्यवेक्षकों ने इसके लिए भाजपा बूथ पर दी गई पन्ना प्रमुख की तर्ज पर काम करने को भी कहा और आलाकमान को दी जाने वाली रिपोर्ट में भी बूथ के मुद्दें को शामिल किया।

### बूथ लेवल तक कमेटियां बनाकर हर आदमी तक पहुंचने की बने योजना

जानकारों की माने तो पर्यवेक्षकों ने बूथ पर कांग्रेस को मजबूती से काम करने की रणनीति पर काम करने की सलाह दी हैं। बूथ लेवल तक कमेटियां बनाकर चुनावी रणनीति के हिसाब से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर काम कर और घर घर तक पहुंच बनाकर हर आदमी तक पहुंच बना चुनाव जीता जा सकता हैं। जिस तरह भाजपा बूथ को लेकर मजबूती से काम कर रही है उसी तर्ज पर संगठन को हर लेवल पर मजबूत करने की जरूरत बताई हैं। राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में कांग्रेस वोटर्स को अपने पक्ष में करने के लिए माइक्रो मैनेजमेंट फॉर्मुला अपनाएं। क्योकि कांग्रेस लगातार अपनी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने के लिए काम कर रही हैं। प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर ही कांग्रेस फिर से सरकार रिपीट करने का दावा कर रही हैं। इसलिए पर्यवेक्षकों ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी बूथ स्तर पर जिम्मेदारी तय कर हर घर तक योजनाओं को पहुंचाए और वोटर तक पहुंच की पार्टी की योजनाओं के बारे में बताए।

### भाजपा की तरह हो बूथ मैनेजमेंट, 11 लाख से अधिक है बूथ कार्यकर्ता

राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा माइक्रो मैनेजमेंट लेवल काम कर रही हैं। कांग्रेस भी उसी तर्ज पर काम करने में जुट गई हैं। भाजपा प्रदेश में कुल 52 हजार बूथों पर काम कर रही हैं। हर बूथ पर कमेटी में 21 सदस्य हैं। वहीं एक बूथ पर वोटर संख्या करीब 1300 हैं। वोटर लिस्ट के 1 पन्ने में वोटर की संख्या 30 मान रही हैं। वहीं पन्ने के आगे-पीछे वोटर की संख्या 60 हैं। ऐसे में हर बूथ पर पन्ना प्रमुख 20 हैं। इसमें हर पन्ना प्रमुख के पास करीब 60 वोटर्स का जिम्मा हैं। भाजपा इस फॉर्मूले से काम कर करीब 11 लाख से अधिक कार्यकर्ता बूथों पर हैं। ऐसे में पर्यवेक्षकों का मानना है कि इसी तर्ज पर अब कांग्रेस भी बूथ मैनेजमेंट पर फोकस करें और हर बूथ पर जीत की रणनीति तैयार करें तो सरकार रिपीट करने में कोई अड़चन नहीं आएगी। इसलिए पार्टी को बूथ जीतो चुनाव जीतो के फॉर्मूले पर रणनीति बनाकर काम फील्ड में काम करना होगा।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### 12 इंस्पेक्टर्स की तबादला सूची जारी



**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को 12 इंस्पेक्टर्स की तबादला सूची जारी की है। इमसें इंस्पेक्टर देरावर सिंह, शिवदास, शिवलाल मीणा, सुरेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार नट को जयपुर कमिश्नरेट में भेजा गया है। प्रदीप सिंह को एटीएस-एसओजी, रोहित श्रीवास्तव, रामजी लाल बैरवा को सीआईडी-सीबी, हवा सिंह को जयपुर रेंज, जोधाराम गुर्जर को उदयपुर रेंज व प्रवीण कुमार मीणा को एडीजी यातायात के ऑफिस में अटैच किया गया है।

### भांकरोटा थानाधिकारी सहित 3 सस्पेंड




**जयपुर।** जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने सख्त एक्शन लेते हुए पश्चिम जिले के भांकरोटा थानाधिकारी चैनाराम नरादणिया को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, डीसीपी वेस्ट संजीव नैन ने भी मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई सुरेन्द्र सिंह और हैड कॉन्स्टेबल बाबूलाल को भी सस्पेंड किया है। कमिश्नर ने शुक्रवार को आदेश जारी कर विभागीय जांच के चलते एसएचओ को सस्पेंड किया है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के मुकुंदपुरा में 8 बीघा जमीन पर दो पक्षों में विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसमें एक पक्ष की तरफ से भांकरोटा एसएचओ ने कार्रवाई करते हुए जमीन पर कब्जा करवाने का प्रयास किया और उस जमीन पर रह रहे लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इसकी शिकायत कमिश्नर तक पहुंचने पर विभागीय जांच के चलते तीनों को सस्पेंड किया गया है।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर जनमानस में असमंजस की स्थिति

# भाई-बहन के अमर स्नेह की 'डोर' पर दिनभर भद्रा का साया

गोपाल शर्मा | बेधड़क



**जयपुर।** भाई-बहन के अमर स्नेह के पर्व रक्षाबंधन में इस बार भद्रा का खलल है। इसके चलते जनमानस में असमंजस की स्थिति है। शास्त्रों के अनुसार रक्षाबंधन श्रावण माह की अपराह्न व्यापनी भद्रा रहित पूर्णिमा तिथि में मनाने का विधान है। इस बार 30 अगस्त को अपराह्न व्यापनी पूर्णिमा रहेगी।

इस दिन पूर्णिमा सुबह 10.58 बजे से शुरू होगी जो कि 31 अगस्त को सुबह 7.05 बजे तक रहेगी। वहीं 30 अगस्त को पूर्णिमा तिथि शुरू होने के साथ ही भद्रा भी लग जाएगी जो रात 9.01 बजे तक रहेगी। ऐसे में 30 अगस्त को भद्रा के बाद रक्षा बंधन पर्व मनाया जा सकेगा। वहीं, ज्योतिषियों की राय में भद्रा युक्त पूर्णिमा में रक्षा बंधन शुभ नहीं है। ऐसे में भद्रा के बाद रात्रि 9 बजे बाद या 31 अगस्त को रक्षा बंधन मनाना श्रेष्ठ रहेगा। 31 अगस्त को पूर्णिमा सुबह 7:05 बजे तक रहेगी जो कि उदियात तिथि होने से पूरे दिन मानी जाएगी। ऐसे में 31 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पूरे दिन मनाया जा सकता है।

### रक्षाबंधन में भद्रा टालना जरूरी

धर्म ग्रंथों के अनुसार रक्षाबंधन पर्व में भद्रा के समय को टालना आवश्यक बताया गया है। ज्योतिषि पं. गोविन्द शर्मा ने बताया कि धर्मग्रंथों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि रावण की बहन शूर्पणखा ने रावण को भद्रा काल में राखी बांधी थी। इससे उसका पूरे वंश सहित विनाश हो गया था। इसलिए इस पर्व में भद्रा को टालना जरूरी बताया है।

### पृथ्वी लोक की भद्रा अनिष्टकारी

ज्योतिषि पं. गिरधारी शर्मा ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा पूरे दिन रहेगी। भद्रा का वास पाताल लोक, पृथ्वी लोक और स्वर्ग लोक में बताया है। जनमानस पर पाताल और स्वर्ग लोक की भद्रा का ज्यादा असर नहीं पड़ता, लेकिन पृथ्वी लोक की भद्रा का पूरे जनमानस पर असर पड़ता है। इसलिए पृथ्वी लोक की भद्रा को रक्षा बंधन के पर्व में नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। इस बार रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का साया बना हुआ है। ऐसे में रक्षाबंधन पर्व 30 अगस्त को रात्रि 9:01 बजे बाद या 31 अगस्त को मनाना श्रेष्ठ रहेगा।

### 31 को पूरे दिन उदियात तिथि पूर्णिमा

31 अगस्त को रक्षाबंधन पर ज्योतिषियों का मत है कि पूर्णिमा का 31 अगस्त को सूर्योदय सुबह 5:58 बजे होगा। पूर्णिमा सुबह 7:05 बजे तक रहेगी। ऐसे में उदियात तिथि पूरे दिन मानी जाएगी। इस दिन भी रक्षाबंधन कर सकते हैं। ज्योतिषी पं. गणेश शर्मा का कहना है कि 30 अगस्त को रात 9.01 बजे भद्रा समाप्ति के बाद राखी बांध सकेंगे।

## परम्परागत वोटर्स को लुभाने के लिए कर रहे विधायक कर रहे

# पहले तो विधायक नहीं मान रहे थे, अब पार्षदों में भी ठनी

नरेंद्र चतुर्वेदी | बेधड़क

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के विधायकों को परंपरागत वोटर्स को साधने के लिए बहुत जुगत लगानी पड़ रही है। हेरिटेज क्षेत्र के विधायक जिन पार्षदों के पहले महापौर बनाने के खिलाफ थे, अब वे उनके लिए लॉबिंग करते हुए दिख रहे हैं।

दरअसल मुनेश गुर्जर के निलंबन के बाद से खाली पड़ी सीट पर मुस्लिम महिला पार्षद को कार्यवाहक महापौर बनाने के लिए मुस्लिम समुदाय लगातार मांग कर रहा है, ऐसे में अपने परंपरागत वोटर्स को साधने के लिए विधायकों ने भी इसके लिए लॉबी बनानी शुरू कर दी है, लेकिन अब तीन मुस्लिम महिला पार्षदों की दावेदारी ने विधायकों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। इन तीनों पार्षदों के लिए अलग-अलग समाज संगठन भी विधायकों से उनका पक्ष रख रहे हैं। तीनों के गुट अलग होने के कारण काफी समय बाद भी कार्यवाहक महापौर की घोषणा नहीं हो पा रही है। कोई भी कांग्रेस विधायक परम्परागत वोटर्स को नाराज करना नहीं चाह रहा है।



### शहर की चारों सीटों पर मुस्लिम वोटर्स का दबदबा

जयपुर शहर में हेरिटेज नगर निगम से जुड़ी हुई चार विधानसभा आती हैं, जिनमें किशनपोल, आदर्श नगर, हवामहल और सिविल लाइंस हैं। प्रमुख रूप से किशनपोल में मुस्लिम समुदाय के करीब 86 हजार वोटर्स हैं, हवामहल और आदर्श नगर में एक लाख और सिविल लाइंस में करीब 25 हजार वोटर्स है। सभी क्षेत्र में मुस्लिम वोटर्स विधायकों के लिए जीत-हार के समीकरण बिगाड़ सकते हैं। पहली बार हेरिटेज निगम में कांग्रेस का बोर्ड बनने के बाद भी कई मुस्लिम समाज संगठनों ने पार्टी के सामने मुस्लिम महापौर बनाने की मांग रखी थी, लेकिन उस समय विधायक ने मुस्लिम महापौर बनाने के पक्ष में नहीं थे।

### हेरिटेज में समारोह नहीं ग्रेटर में लगाई मेहंदी

कार्यवाहक महापौर नहीं बनाने का खमियाजा इस बार हेरिटेज निगम की महिला कर्मचारियों और पार्षदों को भी उठाना पड़ रहा है। इस बार निगम की ओर से तीज महोत्सव नहीं मनाया गया, जिसके कारण शुक्रवार को महिला कर्मचारियों में मायूसी सी छाई रही। दरअसल पिछली बार हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने महिलाओं के लिए तीज महोत्सव का आयोजन किया था। ग्रेटर निगम में महिलाओं के लिए दो दिवसीय तीज महोत्सव का आयोजन जेकेके में किया गया है। शुक्रवार को सिंजारा पर्व के अवसर पर महिलाओं ने मेहंदी लगवाई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

### अब पार्षदों की गुटबाजी से अटका मामला

विधायकों के लिए यहीं परेशानी खत्म नहीं हुई है। अब जब सभी विधायक मुस्लिम महिला पार्षद को महापौर बनाने के लिए राजी हैं तो पार्षदों के लिए बन रही अलग लॉबी उन्हें परेशानी में डाल रही है। किशनपोल से आने वाली रेशमा बेगम कुरेशी महापौर बनाने के लिए कुरेशी समाज लॉबी बना रहा है। कुरेशी समाज के प्रमुख लोगों ने इसके लिए विधायक अमीन कागजी से भी मुलाकाात की है। गौरतलब है कि मुस्लिम समुदाय में कुरेशी समाज का वोटबैंक सबसे ज्यादा आता है। वहीं, किशनपोल की ही नसरीन बानो के लिए रंगरेज समाज दबाव बना रहा है। साथ ही आदर्श नगर विधायक रफीक खान भी नसरीन के पक्ष में समर्थन दे चुके हैं। इधर, आदर्श नगर से आने वाली राबिया बहन गुडएज के लिए भी कुरेशी समाज भी लॉबी कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ पार्षद और विधायक अमीन कागजी भी राबिया के लिए समर्थन दे चुके हैं।

> निगम में बोर्ड बनाने के लिए कांग्रेस ने पहले तुष्टिकरण करते हुए परिसीमन कर दिया था। अब भी ये विधायक महापौर बनाने के लिए आपस में लड़ रहे है। कार्यवाहक महापौर के लिए कांग्रेस में योग्य उम्मीद्वार नहीं मिल रहा है। शहर की जनता विकास को तरस रही है। जनता इन्हें सबक सिखाएगी।
>
> **अरुण चतुर्वेदी,** भाजपा नेता

## महिलाओं ने मनाया सिंजारा

# चांदी की पालकी में आज विराजेंगी माता

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में शनिवार को तीज माता की शाही सवारी शाम 5: 45 बजे से निकलेगी। इस सवारी में सिटी पैलेस के जनाना डयोढ़ी से लवाजमे के बीच निकलने वाली तीज माता चांदी की पालकी में विराजमान रहेंगी।

सवारी में सबसे आगे हाथी पर पंचरंगा ध्वज माता की सवारी की अगुवानी करेगा। पर्यटन विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदेश की लोक संस्कृति की अदभुत छटा देखने को मिलेगी। दूसरी तरफ बीते साल के मुकाबले इस साल प्रदेश के लगभग सभी जिलों से कलाकार प्रस्तुति देंगे। इससे पूर्व शुक्रवार को अखंड सुहाग की कामना का पर्व सिंजारा मनाया गया, जिसमें महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर अखंड सुख-सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। शहर में टोंक रोड, मानसरोवर, सी स्कीम सहित अन्य जगहों पर विभिन्न महिला संगठनों की ओर से सामूहिक रूप से सिंजारा महोत्सव मनाया गया। नवविवाहिताएं शनिवार को ससुराल से आई लहरिया साड़ी पहनकर मां गौरी का पूजन करेंगी।

सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए कामना करेंगी। ज्योतिषाचार्य पं.पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि सिद्धि, रवि के साथ ही मंगल और चंद्रमा कन्या राशि में विराजमान रहेगा। बुध और सूर्य सिंह राशि में बुधादित्य योग का निर्माण करने से दिन की शुभता खास रहेगी।

# पार्षद के खिलाफ जमीन कब्जाने का आरोप

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज निगम के वार्ड 67 पार्षद मोहम्मद अय्यूब पर जयसिंहपुरा खोर थाने में मारपीट जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जयसिंह नगर निवासी मोहम्मद तैयब और जुअेर खान ने मामला दर्ज कराया, जिसमें बताया कि शुक्रवार को वे नमाज पढ़ने गए थे, पीछे से पार्षद अय्यूब, पार्षद प्रत्याशी रशीद आरके, सनी मोटा, अकील आदि अपने 15-20 साथियों के साथ हमारे घर पर आए और महिलाओं के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने पीड़ित और उसके भाई जुबेर के मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। मामले की जांच की जा रही है।

## 21 तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

# HB में भर्ती आवेदन की तारीख बढ़ी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल में 258 पदों पर भर्ती के लिए मण्डल प्रशासन ने आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब अभ्यर्थी 21 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

शुक्रवार को आवेदन की आखिरी तारीख थी, लेकिन बोर्ड प्रशासन ने इसे तीन दिन के लिए और बढ़ा दिया है। मण्डल सचिव अल्पा चौधरी ने बताया कि बोर्ड में 258 पदों के लिए होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा के लिए 18 जुलाई से आवेदन भरने शुरू हुए थे, जिसकी आखिरी तारीख 18 अगस्त रखी थी। अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए हमने इसकी तारीख को 21 अगस्त तक बढ़ाने का निर्णय किया है। ताकि जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र नहीं भर पाए है, वे आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर होगी भर्ती कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर (एल-10) के 6, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) के 18, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (सिविल) के 100, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (विद्युत) के 11, वरिष्ठ प्रारूपकार के 4, कनिष्ठ प्रारूपकार 10, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। निगरानी के लिए 9 सदस्यों की कमेटी गठित सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

## आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को कार्मिकों ने दी भावभीनी विदाई

# मैं इनकी विदाई पर भावुक हूं: मंत्री धारीवाल

बेधड़क | जयपुर




नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के कायाकल्प का श्रेय आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को जाता है। उन्होंने कहा कि मैं इनकी विदाई पर भावुक हूं और दुखी भी, लेकिन इनके सुखद भविष्य की कामना करता हूं। मंत्री धारीवाल शुक्रवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन में आयुक्त पवन अरोड़ा के विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने नगरीय विकास को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि अरोड़ा ने 1998 में 'ऑपरेशन पिंक' के दौरान जयपुर के बरामदे खाली करने में प्रभावी भूमिका निभाई थी। इन अधिकारियों की कार्यशैली से अन्य अधिकारी भी प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि अरोड़ा ने आवासन मंडल के पारंपरिक काम के साथ लीक से हटकर कोचिंग हब, चौपाटी, सिटी पार्क का निर्माण कराया। आज ये निर्माण न केवल प्रदेश बल्कि देशभर में चर्चित हैं। वहीं आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने भावुक होते हुए कहा कि आज जिस मुकाम पर हम हैं। उसका पूरा श्रेय मैं टीम को देता हूं। यह मेरी नहीं बल्कि संस्थान और पूरी टीम की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जीवन आगे बढ़ते रहने का नाम है। आप सबने मेरा सहयोग किया, मैं हर समय आप सबके लिए तत्पर तैयार मिलूंगा।

## हनुमान बेनीवाल पहुंचे आरयू, भाजपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

# छात्र नेताओं ने भूख हड़ताल तोड़ी, धरना-प्रदर्शन अभी जारी रखने का निर्णय

बेधड़क | जयपुर



छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय में पिछले 6 दिनों से छात्र नेताओं की चल रहीं भूख हड़ताल शुक्रवार को आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने ज्यूस पिलाकर समाप्त करवाई।

दरअसल छात्र संघ चुनाव 2023 पर रोक लगाने के बाद करीब आधा दर्जन से अधिक छात्र नेता भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। इस दौरान कई छात्र नेताओं की तबीयत भी खराब हो गई थी। शुक्रवार को बेनीवाल ने आरयू पहुंचकर पहले भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेताओं के हालचाल जानकर वार्ता की। उसके बाद 7 दिन में प्रदेश भर में आंदोलन को लेकर आगामी रणनीति तय करने के आश्वासन पर छात्र नेताओं ने भूख हड़ताल समाप्त की। हालांकि, छात्र नेताओं का धरना प्रदर्शन अनिचित्कलीन समय तक जारी रहेगा।

### नेता नहीं आने देना चाहते आगे

राजस्थान यूनिवर्सिटी में हनुमान बेनीवाल ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री तो बन गए, वह खुद यूनिवर्सिटी का चुनाव हार गए थे। यही वजह है कि वह छात्र राजनीति को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। इसलिए उन्होंने चुनाव रद्द करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव पर रोक लगाना सरकार की मनमर्जी है। छात्र संघ चुनाव से ही राजनीति में युवा पहुंचते है। मैं भी छात्र संघ चुनाव से निकल कर नेता बना। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार ने चुनाव पर रोक लगाई थी, लेकिन तब भी लड़ाई लड़कर चुनाव करवाए थे। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव से ही युवा मुख्य धारा की राजनीति में पहुंचते है। लेकिन उससे दूसरे नेताओं को चिढ़ होती हैं। उन्होंने कहा कि मैं विश्वविद्यालय का पहला अध्यक्ष हूं जिसके पास जयपुर में एक इंच जमीन नहीं है। उन्होंने कहा कि आरयू में पुलिस परेशान करती है तो उनका नाम और नंबर लिख ले। अभी उनको हटाएंगे , सरकार बनी पुलिसकर्मी को बर्खास्त करेंगे।

### 20 छात्र नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में की वार्ता, विफल रही

छात्र नेताओं की भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद आरएलपी सुप्रीमो बेनीवाल ने छात्रों की एक संघर्ष समिति बनाते हुए 20 छात्र नेताओं के प्रतिनिधि मंडल को छात्र संघ चुनाव के मामले में बात करने के लिए सचिवालय भेजा। वहां जाकर छात्र नेताओं ने उच्च शिक्षा सचिव भवानी सिंह देथा से मुलाकात कर प्रदेश के महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में दिव्यांशी खंडेलवाल, कोमल मोहनपुरिया, सीमा पटेल, हितेश यादव, अभिषेक चौधरी, मोहित यादव, हरफूल चौधरी, महेश चौधरी,शुभम रेवाड़, विकाश घोसल्या, नीरज खीचड़, धर्मेंद्र शर्मा, महेंद्र जाट, राम सिंह सामोता, कमल चौधरी, हरकेश छाबड़ी, विनोद भूदोली, कौसिक खान, मनीष चारण, मेघराज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में छात्रनेता शामिल थे, जो सचिवालय पहुंचे। इस दौरान काफी लंबी वार्ता चली, लेकिन प्रतिनिधि मंडल की वार्ता विफल रहीं। डॉ. राम सिंह सामोता ने बताया कि सचिवालय में 7 छात्र नेताओं ने चुनाव पर रोक लगाने के दो मुख्य बिंदुओं पर उच्च शिक्षा सचिव से वार्ता विफल रहीं और छात्र नेता वापस अनिचित्कलीन धरने पर बैठ गए।

## जरूरी खबर

### इंजीनियर्स का संभागीय आयुक्त कार्यालय में प्रदर्शन




**कोटा।** राजस्थान काउंसिल ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर्स की ओर से शुक्रवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया गया। कोटा शहर के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर संभागीय आयुक्त कार्यालय में एकत्रित हुए। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष डीपी चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने संभागीय आयुक्त को मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### सर्वर डाउन होने से स्मार्टफोन वितरण में परेशानी

**बयाना।** प्रदेश सरकार की ओर से 14 अगस्त से लागू की गई इंदिरा गांधी निशुल्क स्मार्टफोन योजना में तकनीकी खलल से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सर्वर डाउन चलने के कारण भी लाभार्थियों को समय पर स्मार्ट फोन नहीं मिल पा रहा है। पंचायत समिति सभागार में लगे स्थाई कैंप में सर्वर डाउन होने के कारण मोबाइल वितरण प्रक्रिया में समय लग रहा है। इससे रोजाना आधे से अधिक लाभार्थी मोबाइल मिलने से वंचित रह रहे हैं। पिछले तीन दिन में करीब 500 लाभार्थियों को स्मार्टफोन बांटने थे, लेकिन मात्र 200 लोगों को ही अभी तक स्मार्टफोन नसीब हो पाए है। कैंप में लोगों की भीड़ जुट गई, लेकिन लोगों को निराश लौटना पड़ा।

### आबादी वाली भूमि पर खेल मैदान का जताया विरोध



**अजमेर।** जिले के सोमलपुर में खेल मैदान के लिए आवंटित जमीन के विरोध में गांव के लोग शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि यह आबादी भूमि है और यहां पर वर्षों से लोग रह रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने खेल मैदान के लिए जगह आवंटित कर परेशान कर रहा है। विधायक सुरेश सिंह रावत भी ग्रामीणों के साथ पहुंचे और कहा कि ऐसा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक रावत ने बताया कि सोमलपुर के खसरा संख्या 2382 मे 100 साल से आबादी बसी हुई है। उक्त खसरे का अंकन त्रुटिवश गैर मुमकिन स्कूल मैदान के नाम पर कर दिया गया है।

---

**हाड़ौती में चलाए गए जागरूकता पखवाड़े में आठ नेत्रदान और 130 लोगों ने किया अंगदान का संकल्प**

# ‘अंगदान-महादान’ के आह्वान से आमजन को किया जागरूक

**बेधड़क | कोटा**

हाड़ौती संभाग में पिछले 12 वर्षों से नेत्रदान-अंगदान और देहदान के लिए कार्य कर रही संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन की ओर से पूरे संभाग में अंगदान महोत्सव मनाया गया। स्वास्थ्य कल्याण एवं परिवार विभाग एवं चिकित्सा मंत्रालय की ओर से 3 अगस्त को भारतीय अंगदान दिवस मनाने की घोषणा की गई है।

इसके साथ ही राजस्थान सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने अंगदान के कार्यक्रम को प्रदेशभर में महोत्सव के रूप में बनाने के लिए 3 से 17 अगस्त तक अंगदान पखवाड़ा मनाने का आदेश राज्य सरकार के अधीन सभी विभागों को दिया था। इसी आदेश के तहत शाइन इंडिया फाउंडेशन ने भी कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ में अंगदान पखवाड़े के दौरान जागरुकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। 14 दिनों से चल रहे अंगदान जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन डीसीएम रोड स्थित, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया गया।



### ऐसे कर सकते हैं अंगदान

समापन समारोह में अंगदान के विषय पर जागरूक करते हुए डॉ. कुलवंत गौड़ ने बताया कि दिमाग की नस का फट जाने या किसी दुर्घटना से दिमाग पर गहरी चोट लग जाने से मरीज ब्रेन डेड की अवस्था में आ जाता है। ऐसे में मरीज का दिल तो धड़कता रहता है, लेकिन ब्रेन पूरी तरह मृत हो जाता है। ब्रेन डेड घोषित होने तक मरीज को वेंटीलेटर पर रखकर उसके अंगों को जीवित रखने का प्रयास किया जाता है। इस बीच मरीज के परिजन अंगदान के बारे में विचार करते हैं, तो वेंटिलेटर द्वारा जीवित रखे गए अंगों का दान किया जा सकता है।

### भ्रांतियों का किया निदान

कार्यशाला की समाप्ति पर उपस्थित विद्यार्थियों ने अंगदान से संबंधित भ्रांतियों पर सवाल पूछे। इस दौरान अनेक विद्यार्थियों ने नेत्रदान-अंगदान के संकल्प पत्र भरे। कार्यशाला में पॉलिटेक्निक कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक और केमिकल विभाग के विभाग अध्यक्ष इंजी. एपी बाना, इंजी. एके सनाढ्य, इंजी. आरती भार्गव और लेक्चरर कविता शर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संस्था सदस्यों ने बताया कि अंगदान पखवाड़े के दौरान 8 पुण्यात्माओं के नेत्रदान, 130 अंगदान संकल्प पत्र प्राप्त किए। वहीं जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

---

**झीलों की नगरी में आयोजित हुआ भाजपा का जनजाति सम्मेलन**

# जनजाति समाज के उत्थान के लिए केंद्र कृत संकल्पित: मुंडा

**बेधड़क | उदयपुर**

प्रदेश में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए वोटर को साधने के लिए भाजपा ने बड़े नेताओं को मैदान में उतारना शुरू कर दिया है। इसी के तहत मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में संभागीय जनजाति जनप्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने शिरकत की।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सम्मेलन में आदिवासी सरपंचों के साथ चुने हुए प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है और इसके लिए लगातार काम कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में 6 एकलव्य आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया था। पूरे राजस्थान में 30 ऐसे विद्यालय खोले जाएंगे। इनमें बच्चों को 12वीं तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उदयपुर सांसद अर्जुन लाल मीणा, सांसद कनक मल कटारा ने जनजाति प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया। वहीं कार्यक्रम में वर्तमान व पूर्व सरपंच, उपसरपंच, सहकारी बोर्ड के चेयरमैन, पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्य आदि भी शामिल हुए



### कांग्रेस का ध्यान रहा सत्ता पाने की तरफ

जनजाति जनप्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने महाराणा प्रताप, भगवान बिरसा मुंडा, पूंजा भील को नमन करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों में कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक देश और प्रदेश में सत्ता का सुख भोगा, लेकिन उसका ध्यान सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने पर ही रहा। आज यदि आदिवासी जनप्रतिनिधि के रूप में खड़े हैं तो उसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है, जिन्होंने आदिवासी समाज के लिए एक अलग मंत्रालय स्थापित किया। इसके बाद फिर 10 सालों का शासन कांग्रेस पार्टी के समर्थित दलों का रहा। इस दौरान जनजाति क्षेत्र के लोगों की सरकार ने सुध नहीं ली गई।

### आदिवासियों तक पहुंचे लाभ

मुंडा ने सम्मेलन में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि संविधान हमें जो लाभ देता है वह आदिवासी बंधु तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में सारे प्रावधान होने के बावजूद कोई कार्य नहीं हो पाया। टीएसपी के क्षेत्रों में जो काम होने चाहिए वह नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि 41 मंत्रालयों के कार्य नीचे के स्तर तक कैसे पहुंचे और उसमें हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### सरकार को लिया आड़े हाथों

केन्द्रीय मंत्री मुंडा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता को फ्री का लाभ देकर पुनः सत्ता में आने की तिकड़मबाजी को आज का जनमानस भलीभांति समझता है। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि बीते 4 वर्षों में कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश को अपराधियों के हाथों में सौंप दिया है। महिला उत्पीड़न के मामलों में तो नए रिकॉर्ड बन गए हैं। पेपर लीक से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा ने सभी अतिथियों का एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। सम्मेलन में कनकमाल कटारा, अर्जुन लाल मीणा, भाजपा नेता चुन्नीलाल गरासिया सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे।

---

**छात्रा की फोटो शेयर करने पर विवाद**

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में छात्रों ने किया हंगामा वाहन को फूंका

**बेधड़क | अजमेर**

जिले के किशनगढ़ स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान में गुरुवार की रात उस समय छात्रों का हंगामा बरप उठा जब सुरक्षा अधिकारी की ओर से एक छात्रा का फोटो खींचकर उसे दूसरे गार्ड को शेयर किया गया। इस बात की जानकारी मिलते ही छात्रों में रोष फैल गया। गुस्साए छात्रों ने सुरक्षा गार्ड के कैबिन में तोड़फोड़ करने के साथ ही कैंपस में एक वाहन को आग को हवाले कर दिया। छात्र इस मामले की शिकायत करने कुलपति के घर भी गए, लेकिन जब उन्हें कोई जवाब नहीं मिला तो छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद भड़के स्टूडेंट्स ने कैंपस में खड़ी एक गाड़ी में आग लगा दी और सिक्योरिटी ऑफिसर के केबिन में भी तोड़फोड़ की।

मामला गुरुवार रात का है। इसके बाद देर रात करीब 1 बजे तक छात्रों का विरोध प्रदर्शन चलता रहा। छात्रों ने इस मामले की सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। शिकायत के बाद किशनगढ़ पुलिस ने शुक्रवार सुबह आरोपी गार्ड राजपाल रेवाड़ को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उससे पूछताछ की जा रही है।

छात्रों ने बताया कि सिक्योरिटी ऑफिसर ने यूनिवर्सिटी की ही एक लड़की की फोटो ली थी। इसके बाद उसे एक गार्ड के साथ शेयर किया। इसके साथ उसे इस लड़की के बारे में पता करने की बात भी लिखी।

### शिकायत पर भी नहीं होती कार्रवाई

धरने पर बैठे विद्यार्थियों ने सुरक्षा अधिकारी पर आरोप लगाए हैं। एक छात्रा ने बताया कि हमारे यहां बहुत बुरा हो रहा है। सिक्योरिटी ऑफिसर की हरकतें सही नहीं है। शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। उसे जो लड़की अच्छी लगती है वह उसकी फोटो खींचता है और उसके बारे में पता करवाता है। इस लड़की ने ये आरोप लगाए उसका कहना है कि उसने मेरे ऊपर भी नजर रखी और फोटो खींची। विद्यार्थियों ने कहा कि इस मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए।

---

## सिंजारा पर्व पर लहरिया उत्सव




**कोटा।** रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल की ओर से शुक्रवार को सिंजारा पर्व पर लहरिया उत्सव मनाया गया। इसमें महिलाओं ने सौलह श्रृंगार में सज-धजकर पारम्परिक परिधान लहरिया धारण किया। इस दौरान डांस, कविता, संगीत व खेलों में भी महिलाओं ने उत्साह दिखाया। कैटवॉक में लहरिये की रंगत खिल उठी।

---

**हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ दांपत्य सम्मान समारोह**

# 7 वचनों के पालन से सुखी दांपत्य जीवन

**बेधड़क | चौमूं**

चौमूं रोड स्थित कागलिया वाले हनुमान मंदिर में दांपत्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व प्रधान हरसहाय यादव ने कहा कि शादी में फेरों के वक्त लिए गए सात वचनों का ईमानदारी से पालन ही सुखी दांपत्य जीवन का आधार है।

दांपत्य जीवन में पति व पत्नी ग्रहस्थी रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं, जिनमें सामंजस्य आवश्यक है। इस सामंजस्य से जीवन के हर अवरोध को यह गाड़ी पार कर लेती है। इस मौके पर यादव की ओर से 501 दंपतियों को उनकी फोटो युक्त दांपत्य सुख पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि आगे भी इसी प्रकार संपूर्ण चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार से अधिक दंपतियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य व किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण दत्त शर्मा एवं चौमूं युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष बागोरिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य दंपतियों के यशस्वी, सुदीर्घायु जीवन की मंगल कामना एवं सुखद गृहस्थी जीवन की भावना के साथ जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में पं. सुदर्शन शर्मा ने फेरों के सात वचनों पर प्रकाश डालते हुए दांपत्य जीवन को ईश्वर का आशीर्वाद बताया।वहीं अनेक वक्ताओं ने दांपत्य जीवन के पहलुओं पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम का संचालन खादी बोर्ड के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश स्वामी हाडोता ने किया। इस मौके पर ललित तूनवाल, डॉ. जेपी सैनी, गजानंद कुमावत, नानुराम कुमावत, राजेंद्र सेन, माया असवाल, सीताराम बजाज, छीतरमल जलुथरिया, कमल सिंह यादव डॉ. हनुमान बराला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

---

**पूर्व राष्ट्रपति ने सालासर बालाजी के दर्शन के बाद किया स्कूल का लोकार्पण**

# ‘नई शिक्षा नीति युवाओं को आगे ले जाने में निभाएगी बड़ी भूमिका’

**बेधड़क | सालासर**

देश के 14वें राष्ट्रपती रहे रामनाथ कोविंद अपनी पत्नी सविता के साथ सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम पहुंचे और बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हुए मन्नत का नारियल बांधकर सुख-समृद्धि की कामना की।

रामनाथ कोविंद का यशोदानंद पुजारी, मिठनलाल पुजारी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, आत्माराम पुजारी, अर्जुन पुजारी, मनोज पुजारी, नितीन पुजारी व जितेन्द्र पुजारी सहित अन्य लोगों ने बालाजी महाराज की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति कोविंद आदर्श स्कूल पहुंचे और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सालासर आने पर स्कूल के लोकार्पण व बालाजी के दर्शन की दो इच्छाएं पूरी हुई हैं।

नए विद्यालय की स्थापना छोटे शहर व गांव में आरंभ होना बड़ी बात है। स्कूल से सालासर सहित आस-पास के गांवों से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। आज हमारा देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जिसमे शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। नई शिक्षा निति देश के युवाओं को आगे ले जाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

आदर्श भारती स्कूलों में बच्चों को उच्च क्वालिटी की शिक्षा मिलेगी। आज का युग नई सोच का हैं। केन्द्र सरकार नई-नई योजनाओं को लॉन्च कर रही है, इसका भरपूर लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में चूरु सांसद राहुल कस्वां, विधायक अभिनेष महर्षि, महावीर प्रसाद पुजारी, नेमनारायण पुजारी, खेमाराम मेघवाल, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




### महाशक्ति के रूप में उभर रहा देश

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि पहले भारत का राष्ट्रपति कहीं जाता तो उसे एयरपोर्ट पर लेने वहा का राष्ट्रध्यक्ष नहीं आता था, लेकिन अब बहुत बड़ा बदलाव हो गया है। अब दुनियां के राष्ट्रध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति की गाड़ी में बैठने के लिए तरसते हैं। पहले किसी भी देश के राष्ट्रपति ने भारत के प्रधानमंत्री को बॉस नहीं माना, लेकिन अब हमारे प्रधानमंत्री को बॉस कहने लग गए हैं। इससे भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। कोरोना के दौरान भारत ने खुद ही वैक्सीन बनाने का निर्णय लिया और तीन महीनों में वैक्सिनेशन शुरू कर दिया गया। उसके बाद दुनियां को भी भारत ने वैक्सीन दी। उस समय हमने वसुदेव कुटुम्बकम् के आधार पर दूसरे देशों को राहत पहुंचाई। उन्होंने कहा कि आज रूस और युक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है, लेकिन भारत किसी के साथ नहीं गया। उस समय 23 हजार बच्चे यूक्रेन में फंस गए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के राष्ट्रपति से बात कर 24 घंटे के लिए युद्ध रूकवा दिया और बच्चों को निकालकर ले आए। केन्द्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दुनियां में भारत का मान-सम्मान भी बढ़ा है।

### दुनियाभर में बढ़ी भारत की धाक

कर्नल संतोष बाबू ने कहा कि आज जी20 की अध्यक्षता भी भारत कर रहा है। वर्ल्ड बैंक का अध्यक्ष भी पहली बार किसी भारतीय को बनाया गया है। दो से तीन सालों में इकोनामी में भी तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। ऐसी अनेक उपलब्धियों से भारत की धाक दुनिया में बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मां-बाप अपने सपने बच्चों पर थोपते हैं ये बहुत गलत बात है। बच्चों का फैसला उन्हीं पर छोड़ देना चाहिए ताकि वे अच्छे इंसान बने। शिक्षा के मानसिक दवाब से सावधान रहने की जरूरत है।

### विद्याभारती के स्कूल संवार रहे भविष्य

अविनाश भटनागर ने कहा कि धानुका परिवार ने बहुत सराहनीय कार्य किया है। 1952 में पहला विद्यालय खुला था। आज 12 हजार विद्यालय बच्चों का भविष्य बनाने का काम कर रहे हैं। 606 जिलों में विद्या भारती का काम चल रहा है। समाज की एकजुटता के कारण ही विद्या भारती आज आगे बढ़ रही है। वर्तमान में 35 लाख छात्र विद्या भारती स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के संस्कार का प्रकाश समाज में होना चाहिए।

## NEET-UG: ऑल इंडिया सेकंड राउंड का फाइनल सीट अलॉटमेंट जारी

# AIR-297545 पर एसटी छात्रों को मिला BSc. नर्सिंग में एडमिशन

**बेधड़क** | जयपुर/कोटा

मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-2023 में काउंसलिंग के लिए द्वितीय राउंड आल इंडिया कोटा फाइनल सीट अलॉटमेंट शुक्रवार को जारी कर दिया।

एम्स, जिपमेर, सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज और ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की काउंसलिंग कॉमन पोर्टल (एमसीसी) पर संपन्न हुई। अलॉटेड कॉलेज से असंतुष्ट स्टूडेंट्स को थर्ड राउंड काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन का भी मौका मिलेगा। थर्ड राउंड काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 31 अगस्त से शुरू होंगे व 4 सितम्बर तक चलेंगे।



### ये रही मुख्य संस्थानों की क्लोजिंग रैंक

| | ऑल इंडिया कोटा | एम्स | बीएचयू | दिल्ली यूनिवर्सिटी | जिपमेर पुदुच्चेरी | बीडीएस | बीएससी नर्सिंग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जनरल | 22104 | 5113 | 919 | 5042 | 4039 | 39719 | 102591 |
| ईडब्ल्यूएस | 24430 | 7723 | 1916 | 12467 | 7269 | 52429 | 123035 |
| ओबीसी | 22456 | 6556 | 1818 | 13091 | 5370 | 42567 | 114319a |
| एससी | 116887 | 44919 | 16260 | 71328 | 41019 | 160523 | 223317 |
| एसटी | 145254 | 72637 | 28134 | 180958 | 61566 | 199123 | 297545 |

### 28 अगस्त तक रिपोर्टिंग

सीट अलॉटमेंट के बाद अब कैंडिडेट्स को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अलॉटेड कॉलेज में 20 से 28 अगस्त तक रिपोर्ट करना होगा। रिपोर्टिंग के समय ओरिजनल डॉक्यूमेंट्स एवं फीस के साथ उपस्थित होना होगा। कॅरियर काउंसलर पारिजात मिश्रा ने बताया कि यदि स्टूडेंट्स अलॉटेड कॉलेज से संतुष्ट नहीं है तो वे अब एग्जिट विद फोरफीटर ऑप्शन का चयन भी कर सकते हैं। छात्र अलॉटेड कॉलेज में थर्ड राउंड काउंसलिंग के लिए नए कॉलेज अपग्रेडेशन का विकल्प भी चुन सकते है। एग्जिट विद फोरफीटर ऑप्शन का चयन करने वाला अभ्यर्थी तृतीय राउंड काउंसलिंग में नया रजिस्ट्रेशन करके नई सिक्योरिटी डिपाजिट सबमिट करके पुनः काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकता है। थर्ड राउंड मे सभी कैंडिडेट्स को नए सिरे से नई चॉइस पुनः भरनी होगी।

## Yuva स्टोरीज



**'स्पैल बी' में लैंग्वेज स्किल्स दिखाने का मौका |**

**जयपुर।** स्कूली स्टूडेंट्स की लैंग्वेज स्किल्स को डेवलप करने के लिए माइंड वॉर्स की ओर से देशभर के स्कूलों में स्पैल बी कॉम्पिटिशन आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत स्टूडेंट्स की भाषाई समझ को परखने के लिए कॉम्पिटिशन आयोजित किए जाएंगे। कॉम्पिटिशन चार चरण में आयोजित होंगे। पहला चरण इन्ट्रा स्कूल राउंड होगा जिसमें एक ही स्कूल के स्टूडेंट्स का आपस में कॉम्पिटिशन होगा। इस राउंड में सफल रहे स्टूडेंट्स दूसरे राउंड इंटर स्कूल में अन्य स्कूलों के स्टूडेंट्स के साथ कॉम्पिटिशन करेंगे। इसमें सफल स्टूडेंटस तीसरे चरण क्लस्टर फाइनल में प्रवेश करेंगे। इसमें सफल कुल आठ स्टूडेंट्स अंतिम चरण ग्रांड फिनाले में शामिल होंगे जिनमें से नेशनल चैम्पियन चुना जाएगा। कॉम्पिटिशन में शामिल होने के लिए स्टूडेंट्स अपने स्कूल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवासन मंडल सीधी भर्ती परीक्षा के आवेदन अब 21 तक |**

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल में सीधी भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि 21 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 18 अगस्त थी। सचिव अल्पा चौधरी ने बताया कि मंडल में 258 पदों के लिए होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा-2023 की तिथि में 3 दिन की बढ़ोतरी की गई है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा। सचिव ने बताया कि सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो परीक्षा से जुड़ी तमाम कार्यवाही पर कड़ी नजर रखेगी। आवेदक ऑफिशियल वेबसाइट rhbexam.in या urban.rajasthan.gov.in/rhb के जरिए आवेदन कर सकते हैं।





## एआईसीटीई का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 21 से

# AI/ डेटा साइंस के लेटेस्ट ट्रेंड्स को समझेंगे टीचर्स

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और डेटा साइंस पर एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए जियो इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी की है। जियो इंस्टीट्यूट पांच दिवसीय रेजिडेंशियल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की मेजबानी करेगा। यह प्रोग्राम 21 अगस्त से शुरू होगा। यह कार्यक्रम एआईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षण (एटीएएल) कार्यक्रम के अंतर्गत चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य एआईसीटीई अनुमोदित संस्थानों के फैकल्टी मेंबर्स को उन्नत और कुशल बनाना है। एआईसीटीई के अध्यक्ष टीजी सीताराम इस एफडीपी का उद्घाटन करेंगे। इस प्रोग्राम के माध्यम से एआईसीटीई के 40 सदस्यों को एआई और डेटा विज्ञान का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही गहन शिक्षण के लिए एआई उपकरणों के उपयोग के नैतिक विचारों पर मंथन भी किया जाएगा। एआईसीटीई अधिकारियों के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को डेटा विजुअलाइजेशन, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, टाइम सीरीज व ऑप्टिमाइजेशन, अनुप्रयोगों, जेनरेटिव एआई और बड़े लैंग्वेज मॉडल सहित विभिन्न विषयों में प्रभावी शिक्षण और सीखने का वातावरण स्थापित करने के लिए तैयार करना है।




### भविष्य की चुनौतियों के लिए करेंगे तैयारी

इस पाठ्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में एआई और डेटा साइंस के दूरगामी प्रभावों पर विचार किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम के माध्यम से तकनीकी परिदृश्य में उभरते नए अवसरों का पता लगाया जाएगा। एआईसीटीई अध्यक्ष टीजी सीताराम ने कहा कि जियो इंस्टीट्यूट के साथ यह साझेदारी अत्याधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की एआईसीटीई की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जो हमारे संकाय सदस्यों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। यह हमें शिक्षकों को जटिल शैक्षिक परिदृश्यों के लिए नेविगेट करने का आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। एआईसीटीई अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति संकल्पित है। कार्यक्रम में जियो इंस्टीट्यूट से जी रविचंद्रन, रवि चित्तूर और निलय याज्ञनिक सहित आईआईएम बंगलुरू, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी यूएसए, आईबीएम और अन्य क्षेत्रों के एकेडमिक लीडर्स भाग लेंगे।




## विद्या संबल योजना में पहल

# गवर्नमेंट हॉस्टल्स में लगेंगे गेस्ट फैकल्टी

**बेधड़क** | जयपुर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जयपुर ग्रामीण में संचालित राजकीय अम्बेडकर छात्रावासों में कक्षा 9 से 12 के छात्रों को कठिन विषयों की तैयारी करवाने के लिए विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी लगाए जाएंगे।

उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर ग्रामीण अरविन्द कुमार सैनी ने बताया कि इच्छुक विशेषज्ञ अनुभवी, सेवानिवृत्त कार्मिक या निजी अभ्यर्थी इसके लिए 22 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी को राजकीय छात्रावास में प्रतिदिन एक घंटे की कोचिंग देनी होगी। मानदेय के रूप में कक्षा 9 व 10 के लिए 350 रुपए प्रति घंटा एवं कक्षा 11 व 12 के लिए 400 रुपए प्रति घंटा के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। प्रति छात्रावास प्रतिदिन एक घन्टे की कोचिंग होगी। रविवार का अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को जिले के सभी छात्रावासों के लिए पृथक-पृथक आवेदन करना होगा।

आवेदन पत्र कार्यालय उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर ग्रामीण से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि तुंगा, बस्सी, बांसखोह, चाकसू, जमवारामगढ़, नायला, कोटखावदा, फागी, दूदू, गागरडू, फुलेरा, सांभरलेक, गोविन्दगढ़, उदयपुरिया, अमरसर, राडावास, मनोहरपुर, शाहपुरा, पावटा, मैड़, कोटपूतली, बनेठी, विराटनगर एवं राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास, शाहपुरा में आवासित छात्रों के बेहतर शिक्षण के लिए विभाग ने यह पहल की है।

## कानोड़िया कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम सम्पन्न

# फ्रेशर्स का किया उल्लास से भरा वेलकम

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला कॉलेज में सभी संकायों की फ्रेशर छात्राओं के लिए चल रहे तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ।

शुक्रवार को कला संकाय की प्रथम वर्ष की करीब 350 छात्राओं को विभिन्न क्लब, समिति व सेन्टर्स के उद्देश्य से अवगत करवाया गया। छात्राओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय की आचार संहिता की जानकारी दी गई। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने छात्राओं को शिक्षिकाओं से अधिकाधिक जुड़ने और निरन्तर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया।



प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए नियमित कक्षाओं के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहें।

उप-प्राचार्य (कला) डॉ. मनीषा माथुर ने महाविद्यालय के शिकायत निवारण, रैगिंग विरोधी, आंतरिक परिवाद प्रकोष्ठ के बारे में बताया। सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए महाविद्यालय द्वारा संचालित क्लब सुकृति (आर्ट एण्ड क्राफ्ट), उद्यमिता, अभिव्यक्ति, रचनात्मक लेखन, पब्लिक स्पीकिंग, फोटोग्राफी, स्वरांचल, एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब, नेचर क्लब व आरोग्य क्लब की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम को भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संचालन डॉ. प्रीति शर्मा ने किया।

# JLO भर्ती परीक्षा 28 व 29 अक्टूबर को

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से कनिष्ठ विधि अधिकारी (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 28 व 29 अक्टूबर को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम यथासमय जारी कर दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षा के तहत नॉन टीएसपी के 134 एवं टीएसपी के 6 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 5 जुलाई को जारी किया गया था।



# AEn -यांत्रिक की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को भू-जल विभाग में सहायक अभियंता-यांत्रिक के 12 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया। इसकी शैक्षणिक योग्यता, विषयवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 अगस्त से 22 सितंबर तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल के सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा। प्रथम बार वन टाइम रजिस्ट्रेशन करने के लिए अभ्यर्थी के नाम, पिता के नाम, जन्म तिथि, लिंग, सैकण्डरी/समकक्ष परीक्षा एवं आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस आईडी में से किसी एक आईडी प्रूफ के विवरणों का इन्द्राज एवं डॉक्यूमेंट अपलोड करना अनिवार्य है।

जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में वन टाइम रजिस्ट्रेशन कर लिया है वे एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके संबंध में मार्गनिर्देशन, सूचना तथा स्पष्टीकरण के लिए आयोग के स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष संख्या 0145-2635212, 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मंथन | डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती पर विचार गोष्ठी

# परंपरागत सिस्टम छोड़ 'नॉलेज मॉल' बनें लाईब्रेरीज

**बेधड़क** | जयपुर

लाइब्रेरीज को तकनीक के बदलते दौर में नई जनेरशन की आवश्यकता और सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बड़े रीडिंग कॉर्नर के साथ ऑडियो-वीडियो रूम जैसे अध्ययन के आधुनिक तौर तरीकों के लिए सोचना होगा।

हमें परम्परागत ढंग से पुस्तकालयों के संचालन के बजाय उनको 'नॉलेज मॉल' बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। स्कूल शिक्षा शासन सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस आर रंगनाथन की जयंती के मौके पर डॉ. राधाकृष्णन् राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय में राजस्थानी मेडिकल पुस्तकालय संघ (आरएमएलए) के सहयोग से आयोजित विचार गोष्ठी में यह बात कही। गोष्ठी 'तकनीकी युग में पुस्तकालयों की प्रासंगिकता एवं चुनौतियां' विषय पर आयोजित की गई थी।



जैन ने कहा कि रीडर्स की पढ़ने की जिज्ञासा और रुचि की पूर्ति के लिए लाईब्रेरीज की दुनिया में आज ऑडियो बुक से लेकर किंडल प्लेटफार्म और अब 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' (आई) का दौर आ गया है।

पुस्तकालयों को नए जमाने की ऐसी तकनीक और बदलावों को परम्परागत पद्धति के साथ समाहित करने की आवश्यकता है। तकनीक से टकराव की प्रवृति को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के तहत संचालित राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालयों में भी नई तकनीक और नवाचारों को अपनाते हुए उन्हें और अधिक 'रीडर्स फ्रेंडली' बनाने की दिशा में पहल और प्रयास किए जा रहे हैं।

### लाइफ लॉन्ग लर्नर्स की जरूरतें पूरी करें

केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के प्रो. दिनेश गुप्ता ने गोष्ठी के शुरुआती सत्र में कहा कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के युग में लाईब्रेरीज को 'लाइफ लॉन्ग लर्नर्स' की जरूरतों को पूरा करने की सोच के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समय के साथ पुस्तकालय की फिलॉसफी भी बदल रही है, ऐसे में हमें तकनीक के माध्यम से अलग-अलग स्तरों पर संचालित लाईब्रेरीज के इंटीग्रेशन पर भी कार्य करना होगा। सत्र की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय में दक्षिण एशिया अध्ययन केन्द्र के पूर्व निदेशक प्रो. करोरी सिंह ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में रिसर्च और इनोवेशन पर बल देते हुए कहा कि लाइब्रेरीज को नए बदलावों को अपनाना चाहिए। उन्होंने एआई जैसी तकनीक के फायदे बताए। भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की निदेशक सोविता माथुर ने कहा कि प्रदेश के पुस्तकालयों के जरिए रीडर्स और स्टूडेंट में लर्निंग का माहौल क्रिएट करने की दिशा में विशेष कार्ययोजना बनाकर प्रयास किए जाएंगे। गोष्ठी में पुस्तकालयों के तकनीकीकरण के विभिन्न आयाम, पुस्तकालयों की चुनौतियां और उपादेयता तथा पुस्तकालयों के भविष्य की दिशा जैसे विषयों पर विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। आरएमएलए के अध्यक्ष डॉ. पी आर मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की विशेषाधिकारी डॉ. पूनम गुप्ता ने आभार जताया।

संदर्भः हिमाचल प्रदेश में बारिश से हुई ताबाही

# पाषाण युग में बदलता हिमालय!



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

भारतीय दर्शन के अनुसार मानव सभ्यता का विकास हिमालय और उसकी नदी-घाटियों से माना जाता है। ऋशि-कश्यप और उनकी दिति-अदिति नाम की पत्नियों से मनुष्य की उत्पत्ति हुई और सभ्यता के क्रम की शुरुआत हुई। एक बड़ी आबादी को शुद्ध और पौष्टिक पानी देने के लिए भागीरथी गंगा को नीचे उतार लाए। यह विकास धीमा था और विकास को आगे बढ़ाने के लिए हिमालय में कोई हलचल नहीं की गई थी, लेकिन आज विकास के बहाने भोग की जल्दबाजी में समूचे हिमालय को दरकाने का सिलसिला अत्यंत तेज गति से जारी है। केदारनाथ की आपदा से लेकर वर्तमान में हिमाचल और उत्तराखंड में हुई तबाही का कोई सबक नीति-नियंताओं ने नहीं लिया। नतीजतन चार दिन की बारिश, 112 बार हुए भूस्खलन और पांच बार फटे बादलों से जो बर्बादी हुई उसमें 71 लोग मारे गए। इस मानसून में अब तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 327 लोगों को आपदाओं ने लील लिया। 1442 घर जल धाराओं में विलीन हो गए और 7170 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां धराशायी हो गई। हिमाचल में एक साथ करीब 950 सड़कों पर आवाजाही बंद पड़ी है। बद्री-केदारनाथ राजमार्ग भी बंद पड़ा है।

मौसम विज्ञानी जता रहे हैं कि मानसून में लंबी बाधा के चलते देश के कई हिस्सों में सूखे के हालात निर्मित हो गए है और हिमाचल व उत्तराखंड में भीषण बारिश ने तबाही का तांडव रच दिया है। मानसून में रुकावट आ जाने से बादल पहाड़ों पर इकट्ठे हो जाते हैं और यही मूसलाधार बारिश के कारण बनते हैं। यह तबाही इसी का परिणाम है। तबाही के कारण मानसून पर डालकर जिम्मेबार जबावदेही से नहीं बच सकते है। केदारनाथ में बिना मानसून के रुकावट के ही तबाही आ गई थी। अतएव यह कहना बेमानी है कि मानसून की रुकावट तबाही में बदली? हकीकत में तबाही के असली कारण समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में जल विद्युत संयंत्र और रेल परियोजनाओं की जो बाढ़ आई हुई है, वह है। इन योजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र में रेल गुजारने और कई हिमालयी छोटी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखरों पर स्थित पहाड़ दरकने लगे हैं, जिन पर हजारों साल से मानव बसावटें अपने ज्ञान-परंपरा के बूते जीवन-यापन करने के साथ हिमालय और वहां रहने वाले अन्य जीव-जगत की भी रक्षा करते चले आ रहे हैं। हिमालय और पृथ्वी सुरक्षित बने रहें, इस दृश्टि से कृतज्ञ मनुष्य ने अथर्ववेद में लिखे पृथ्वी-सूक्त में अनेक प्रार्थनाएं की हैं। यह सूक्त राष्ट्रीय आवधारणा एवं वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को विकसित, पोषित एवं फलित करने के लिए मनुष्य को नीति और धर्म से बांधने की कोशिशें की हैं, लेकिन हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को ही नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया।

> हिमालय और पृथ्वी सुरक्षित बने रहें, इस दृष्टि से कृतज्ञ मनुष्य ने अथर्ववेद में लिखे पृथ्वी-सूक्त में अनेक प्रार्थनाएं की हैं। यह सूक्त राष्ट्रीय आवधारणा एवं वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को विकसित, पोषित एवं फलित करने के लिए मनुष्य को नीति और धर्म से बांधने की कोशिशें की हैं, लेकिन हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को ही नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया। हिमाचल के समरहिल स्थित शिवबाड़ी मंदिर में जो तबाही दिखी, वैसे ही पिछले साल उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में दिखाई दी थी। इस शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों से जोशीमठ के बारह दिनों में 5.4 सेंटीमीटर हिमालय के गर्भ में घंस जाने की चिंता जताई है।

हिमाचल के समरहिल स्थित शिवबाड़ी मंदिर में जो तबाही दिखी, वैसे ही पिछले साल उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में दिखाई दी थी। इस शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों से जोशीमठ के बारह दिनों में 5.4 सेंटीमीटर हिमालय के गर्भ में घंस जाने की चिंता जताई है। सिमटती धरती की इन प्रामाणिक सच्चाईयों को छिपाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार ने अंतरिक्ष एजेंसी समेत कई सरकारी संस्थानों को निर्देश दिया था कि वे मीडिया के साथ जानकारी साझा न करें। नतीजतन इसरो की वेबसाइट से धरती के धंसने के चित्र हटा दिए गए। सरकार का यह उपाय भूलों से सबक लेने की बजाय उन पर धूल डालने जैसा है। दरअसल भारत सरकार और राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद हठपूर्वक पर्यावरण के विपरीत जिन विकास योजनाओं को चुना है, उनके चलते यदि लोग अपने गांव और आजीविका के संसाधनों को खो रहे हैं, तो ऐसी परियोजनाएं किसलिए और किसके लिए? अब रेल और बिजली के विकास से जुड़ी कंपनियां दावा कर रही हैं कि धरती निर्माणाधीन परियोजनाओं से नहीं धंस रही है, लेकिन किन कारणों से धंस रही है, इसका उनके पास कोई उत्तर नहीं है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन जो इस क्षेत्र में तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है, उसकी बिजली उत्पादक कंपनी ने पत्र लिखकर दावा किया है कि इस क्षेत्र की जमीन धंसने में उसकी परियोजनाओं की कोई भूमिका नहीं है।

उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ की जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए बुनियाद हेतु गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जाते हैं। अभियंता कम्प्यूटरों पर बैठकर 90 डिग्री पर पहाड़ काटने का नक्षा बना रहे हैं, जबकि मौके को देखकर पहाड़ की स्थिति को जानने की जरूरत है? कई जगह सुरंगे बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों की दरारों को खाली कर देता है और पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडों के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जाती हैं।

हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं भी निर्माणाधीन हैं। सबसे बड़ी रेल परियोजना उत्तराखंड के चार जिलों (टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है। छह हजार परिवार विस्थापन के दायरे में आ गए हैं। रुद्रप्रयाग जिले के मरोड़ा गांव के सभी घर दरक गए हैं। रेल विभाग ने इनके विस्थापन की तैयारी कर ली है। यह तो शुरुआत है, लेकिन ये विकास इसी तरह जारी रहते हैं तो बर्बादी का नक्शा बहुत विस्तरित होगा। दरअसल ऋशिकेश से कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125 किमी लंबी है। इसके लिए सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो 14.8 किमी लंबी है। केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। बाकी जो 15 सुरंगें बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं। इस परियोजना का दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ के बजाय अब पीपलकोठी तक होगा। भू-गर्भीय सर्वेक्षण के बाद रेल विकास निगम ने जोशीमठ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को परियोजना के अनुकूल नहीं पाया था। इसलिए अब इस परियोजना का अंतिम पड़ाव पीपलकोठी कर दिया है, जो एक अच्छी पहल है। हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में ये विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़े भी हिला रहे हैं। अन्य जिलों के श्रीनगर, मलेथा, गौचर ग्रामों के नीचे से सुरंगें निकाली जा रही हैं। इनमें किए जा रहे धमाकों से घरों में दरारें आ गई हैं। वैसे भी पहाड़ी राज्यों में घर ढलानयुक्त जमीन पर ऊंची नीम देकर बनाए जाते हैं। जो निर्माण के लिहाज से ही कमजोर होते हैं। ऐसे में विस्फोट इन घरों को और कमजोर कर रहे हैं। हिमालय की अलकनंदा नदी घाटी ज्यादा संवेदनशील है। रेल परियोजनाएं इसी नदी से सटे पहाड़ों के नीचे और ऊपर निर्माणाधीन हैं।

> रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपए की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत आधार स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि ये सड़कें सेना के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

दरअसल उत्तराखंड के भूगोल का मानचित्र बीते डेढ़ दशक में तेजी से बदला है। चौबीस हजार करोड़ रुपए की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना ने जहां विकास और बदलाव की ऊंची छलांग लगाई है, वहीं इन योजनाओं ने खतरों की नई सुरंगें भी खोल दी हैं। उत्तराखंड के सबसे बड़े पहाड़ी शहर श्रीनगर के नीचे से भी सुरंग निकल रही है। नतीजतन धमाकों के चलते 150 से ज्यादा घरों में दरारें आ गई हैं। पौड़ी जिले के मलेथा, लक्ष्मोली, स्वोत और डेवली में 771 घरों में दरारें आ चुकी हैं। रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपए की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत आधार स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि ये सड़कें सेना के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। सैनिकों का हिमालयी क्षेत्र में इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विवार की जरूरत है।

उत्तराखंड भूकंप के सबसे खतरनाक जोन-5 में आता है। कम तीव्रता के भूकंप यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून में हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं। पहाड़ों के दरकने के साथ छोटे-छोटे भूकंप भी देखने में आ रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में बीते सात साल में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकंप आए हैं। टिहरी पर बंधे बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक भी हिदायतें देते रहे हैं कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई तो गंगा तो अस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियां भी अस्तित्व के संकट से जूझेंगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# चौपटलाल जी के बहाने



महेश कुमार केशरी
व्यंग्यकार

चौपट लाल जी बड़े अजीब आदमी हैं। जैसा कि नाम से ही विदित होता है कि वो जिसके पीछे पड़ते हैं, उसको चौपट करके ही दम लेते हैं। कालांतर में ऐसे चौपटलालों की आत्मा हमारे दामादों में भी निवास करने लगी है, जो बिन बुलाए मेहमान की तरह ससुराल में ससुर और सालों का खून चूसते देखे जा सकते हैं। तो बात चौपट लाल जी की हो रही थी। हमारे एक मित्र हैं नमूने लाल जी। एक बार चौपटलाल जी की चर्चा करने लगे तो मुझे भी चौपट लाल जी के बारे में नयी-नयी बातों का पता चला।

जैसा कि मैंने ऊपर ही लिखा है कि चौपटलाल जी ने जिंदगी जीने का एक नायाब तरीका निकाला है, जहां सिलेंडर की कीमत पानी भरती है। दूध और पानी की कीमत बराबर हो जाती है। आटे की रेट की ऐसी- तैसी कर देते हैं हमारे चौपटलाल जी। वो किसी तरह कहीं से किराए भर की रकम जुगाड़ लेते हैं और चल पड़ते हैं अपने किसी नजदीकी मामू, खालू के यहां। फिर तो चार-छह महीने निकालना कोई बड़ी बात नहीं है। छह-छह महीने भी अगर एक रिश्तेदार के यहां रहा जाए तो कम-से-कम हर दूसरे-तीसरे रिश्तेदार का नंबर आते-आते दो साल या पांच साल लग ही जाएंगे।

अब रिश्तेदार हैं तो भगाएंगे तो नहीं ही। चौपट लाल जी विक्रम और बेताल की कहानी के बेताल ठहरे। रिश्तेदार जब उनसे पीछा छुड़ाने के लिए किसी नजदीकी के यहां शादी-ब्याह में जाने की बात कहता है तो, वे भी विक्रम के कंधे पर बेताल की तरह सवार हो जाते हैं और लगे हाथ पंद्रह-बीस दिन और निकाल लेते हैं। उनकी प्रशंसा में मैं अगर कुछ शब्द कहूं तो उन्हें "फकड़ दलाल" कहना उचित होगा। इनकी सारी उम्र फकड़दलाली करते ही बीती है। वैसे हमारे चौपटलाल जी पेशे से मिस्त्री भी हैं। कूलर, ए. सी. और पंखा बनाते हैं। बनाते कम हैं, लोगों को बनाते ज्यादा हैं। इसी बनने-बनाने के चक्कर में उनकी हड्डियों का चूरमा कई बार बनते-बनते बचा है। आपको जानकारी के लिए मैं ये बता दूं कि आपका कोई कूलर, ए.सी. या पंखा कहीं खराब हुआ और गलती से उसे आपने चौपटलाल जी को बनाने के लिए दे दिया तो समझ लो, वो आपको इस जन्म में तो मिलने से रहा। आपको आने वाले कितने, रविवार, सोमवार और बुधवार का इंतजार करना पड़ेगा।

इसकी आप गिनती अभी से गिनने की प्रैक्टिस कर लीजिए। मजाल है कि वो डिलीवरी की तारीख आ जाए, आपको आपका दिया हुआ सामान बनकर मिल जाए अर्थात् "चोर, चोरी से जाए हेरा-फेरी से न जाए" ये कहावत चौपटलाल जी पर खूब फिट बैठती है। तो कहने का तात्पर्य ये है कि हमें और आपको समाज में रहने वाले ऐसे चौपट लालों से सावधान रहने की जरूरत है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
भारत की आवाज़ सुनना और संघर्षों का मुकाबला करने में साथ निभाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@ashokgehlot51
कर हर मैदान फतेह!



**सीपी जोशी,** प्रदेश भाजपाध्यक्ष , राजस्थान
@cpjoshiBJP
फ्री राशन के नाम पर जनता को जहर मत बांटिए मुख्यमंत्री @ashokgehlot51 जी। आपकी योजनाओं में दी गई खाद्य सामग्री से यदि किसी का स्वास्थ्य खराब हो गया तो अभी तक आपकी स्वास्थ्य सेवाएं इतनी बेहतर नहीं है कि चिकित्सा समय से मिल पाएगी।



**हनुमान बेनीवाल,** अध्यक्ष , आपीएल
@hanumanbeniwal
छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर आंदोलित छात्रों के मध्य आज राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर जयपुर में चल रहे धरने में सम्मिलित हुआ ! RLP छात्र संघ चुनाव करवाने की पक्षधर है!



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
केवल शारीरिक रूप से ही धमकी दी जा सकती है। जब भौतिक से परे एक आयाम आपके लिए एक जीवंत अनुभव बन जाता है, तो कोई डर नहीं रहेगा।



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु
@Srisri
आप अपनी मांसपेशियां बनाने के लिए कठिन कसरत करते हैं। अपने दिमाग और भावनाओं को तेज और मजबूत बनाने के लिए आपको सख्त लोगों का सामना करना चाहिए।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
यदि कोई यह साबित करने के लिए बहस कर रहा है कि 2+2=5, तो उन्हें सही होने दें।

नॉलेज कॉर्नर: आपातकालीन निकास के लिए आवश्यक है विंडो

# 13वीं शताब्दी में बनी पहली 'खिड़की'

राजस्थान के जयपुर में स्थित हवामहल पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इसकी ख्याति के पीछे मुख्य कारण, इसमें मौजूद एक हजार खिड़कियां है। इसलिए हलामहल खिड़कियों के महल के नाम से भी जाना जाता है। उस समय किसी महल को बनाते समय खिड़कियों को बहुत महत्ता दी जाती थी। ये घरों में रोशनी करने और वेंटिलेशन बनाए रखने के उद्देश्य बनवाई जाती है। इसलिए खिड़कियों को रोशनदान भी कहते हैं। घर या इमारत निर्माण के समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि दीवार, दरवाजे या छत में पारदर्शी खिड़कियों को भी जगह दी जाए। इसके अभाव में दम घुटने, अंधेरा रहने तथा वेंटिलेशन की कमी होने की आशंका रहती है। इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## रोम में सबसे पहले उपयोग

खिड़कियों के लिए कांच का उपयोग सबसे पहले रोम में किया गया था। संभवतः यह तकनीक सबसे पहले रोमन मिस्र में अलेक्जेंड्रिया में बनाई गई थी। प्राचीन मिस्र की दीवारों और असीरिया की मूर्तियों में इसका उदाहरण देखा जा सकता है, जिनका निर्माण 100 ईस्वी में किया गया। प्राचीन चीन, कोरिया और जापान में कागज की खिड़कियां बनती थी। यह बेहद किफायती थी इसलिए इनका



व्यापक रूप से उपयोग किया गया। 14वीं शताब्दी में चपटे जानवरों के सींगों से बनी खिड़कियों का उपयोग किया जाता था, जबकि 17वीं शताब्दी के आते-आते इंग्लैंड में सामान्य घरों में भी कांच की खिड़कियों का प्रचलन हो गया। 19वीं सदी में पश्चिमी अमेरिका में ग्रीस लगी कागज की खिड़कियों का उपयोग किया जाने लगा। बाद में आपातकालीन निकास के लिए भी इनका उपयोग किया गया।

## इतने प्रकार की विंडो

आजकल खिड़कियों में एक विंडो स्क्रीन या जाली प्रयुक्त की जाती है, जो कि एल्यूमीनियम या फाइबर ग्लास से बनी होती है। दरअसल लकड़ी या लोहे की खिड़की में दीमक व जंग लगने की आशंका रहती है, इसलिए खिड़की खुलने पर कीड़ों को दूर रखने के उद्देश्य से विशेष खिड़कियां बनाई जाती है। विंडो कई प्रकार की होती है, जैसे- आइब्रो विंडो, फिक्स्ड विंडो, हेक्सागोनल विंडो, सिंगल-हंग और डबल-हंग सैश विंडो, शामियाना विंडो, हॉपर विंडो, क्षैतिज स्लाइडिंग सैश विंडो, केसमेंट विंडो तथा स्लाइड विंडो। स्लाइड विंडो का आकार दरवाजे के समान होतो है।

## कैसे हुई विंडो शब्द की उत्पत्ति

*विश्व की पहली खिड़की को 13वीं शताब्दी में बनाई गई, जिसे छत में बिना शीशे वाले छेद के रूप में संदर्भित किया गया था। विंडो शब्द का इस्तेमाल इसलिए किया गया क्योंकि वाइकिंग युग के दौरान अंग्रेजी भाषा पर स्कैंडिनेवियाई का प्रभाव था। यह शब्द स्कैंडिनेवियाई भाषा के विन्डौगा शब्द से बना।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

### विशेषाधिकार समिति ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी के मामले पर किया विचार

# रद्द हो सकता है निलंबन, 30 अगस्त को सुना जाएगा चौधरी का पक्ष

एजेंसी । नई दिल्ली

संसद की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की लोकसभा में की गई कुछ टिप्पणियों एवं आचरण को लेकर उन्हें सदन की कार्यवाही से निलंबित करने के मामले पर शुक्रवार को विचार किया। अब उन्हें इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए 30 अगस्त को अगली बैठक में बुलाया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में एक आम राय बनी कि स्वाभाविक न्याय के सिद्धांत के तहत चौधरी को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाना चाहिए। एक सदस्य ने यह विचार भी व्यक्त किया कि मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करके सदस्य को पहले ही दंडित किया जा चुका है और ऐसे में दोबारा दंड देने का कोई औचित्य नहीं है। हाल ही में संपन्न संसद के मानसून सत्र में लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों और उनके आचरण के कारण 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही उनके खिलाफ इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया गया था।



### भाजपा सदस्यों का था नरम रुख

सूत्रों ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि समिति अगली बैठक में चौधरी का पक्ष सुनने के बाद उनके निलंबन को निरस्त करने की लोकसभा अध्यक्ष को सिफारिश करने के पक्ष में है। एक सूत्र ने बताया कि समिति के भाजपा सदस्यों का इस मुद्दे पर नरम रूख था।

### ये लोग मौजूद थे बैठक में

बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद सुनील सिंह के अलावा कांग्रेस के के. सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, द्रमुक के टी. आर. बालू, भाजपा के जनार्द्धन सिंह सिग्रीवाल, राजू बिष्ट, दिलीप घोष, राजीव प्रताप रूड़ी आदि शामिल हुए। समिति की अगली बैठक 30 अगस्त को होने की संभावना है।

### केरल: कांग्रेस विधायक की पैतृक संपत्ति का फिर से सर्वेक्षण

**कोच्चि।** केरल के राजस्व अधिकारियों ने एक डीवाईएफआई नेता की शिकायत के आधार पर शुक्रवार को कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान की पैतृक संपत्ति का फिर से सर्वेक्षण किया। शिकायत में कहा गया था कि धान के एक खेत को कथित तौर पर इमारत के निर्माण के लिए समतल किया गया। इस संबंध में एक तालुक सर्वेक्षक ने मीडिया को बताया कि पुन: सर्वेक्षण समाप्त हो गया है और जल्द ही तहसीलदार के समक्ष एक विस्तृत रिपोर्ट दायर की जाएगी। अधिकारी ने कहा, हमने निर्देशानुसार विवरण एकत्र कर लिया है। जानकारी एकत्र की जाएगी और जल्द ही तहसीलदार को सौंपी जाएगी।

### चारा घोटाला: लालू की बेल रद्द करने संबंधी याचिका पर सुनवाई 25 को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट डोरंडा कोषागार मामले में राजद प्रमुख लालू यादव को दी गई जमानत को रद्द करने के अनुरोध संबंधी सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। चारा घोटाले के तहत डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपए से अधिक के गबन मामले में दोषी करार दिए गए लालू प्रसाद यादव को रांची में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की विशेष अदालत ने पिछले साल 21 फरवरी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 60 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे. बी. पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू की दलीलों पर गौर किया। राजू ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए मामले का उल्लेख किया था।

### देबरॉय ने किया अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन: मायावती



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के नए संविधान की वकालत करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को कहा कि बिबेक देबरॉय ने अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है और केंद्र सरकार को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। मायावती ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर लिखा, आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का, अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है, जिसका संज्ञान लेकर केन्द्र सरकार को तुरन्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आगे कोई ऐसी बात करने का दुस्साहस न कर सके। देश का संविधान 140 करोड़ गरीब, पिछड़े और उपेक्षित लोगों के लिए मानवतावादी एवं समतामूलक होने की गारंटी है, जो स्वार्थी, संकीर्ण मानसिकता वाले, जातिवादी तत्वों को पसंद नहीं है।''

### बंगाल विधानसभा का विस्तारित मानसून सत्र 22 से

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा का विस्तारित मानसून सत्र 22 अगस्त से शुरू होगा और यह आठ दिन तक चलने की संभावना है। राज्य के संसदीय मामलों के मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा कि सदन का कामकाज अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, विस्तारित मानसून सत्र 22 अगस्त से शुरू होगा और अगले सात-आठ दिन चलेगा। सदन के कामकाज के बारे में 21 अगस्त को सर्वदलीय और कार्य मंत्रणा समिति की बैठकों में फैसला किया जाएगा।

### BJP की क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद को PM मोदी ने किया संबोधित

# विकसित भारत के लिए हर गांव तहसील, जिले का करें विकास

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा के 'जिला पंचायत सदस्यों से विभिन्न विकास पहलों को जन-आंदोलन बनाने के लिए काम करने का आग्रह किया और कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए हर गांव, तहसील और जिले में विकास का दीपक जलाना है।

गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के स्थानीय निकाय सदस्यों की क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' भाजपा के लिए केवल एक नारा नहीं है और उन्हें इसे हर पल आत्मसात करना चाहिए। यह सम्मेलन दादर और नगर हवेली और दमन एवं दीव में आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। पहले मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में अपने अनुभव का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि स्थानीय निकायों में विभिन्न पदों पर कार्यरत लोगों को प्राथमिकता के तौर पर अपने गांवों और जिलों के लिए कुछ काम करना चाहिए तथा लोगों का समर्थन प्राप्त करके इसे सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। मोदी ने कहा कि केंद्र में सत्ता में आने पर उन्होंने शौचालय बनाने और गरीबों के लिए बैंक खाते खोलने का फैसला किया।





### तीन परियोजनाओं को प्राथमिक तौर पर लें

प्रधानमंत्री ने जिला पंचायत सदस्यों से हर साल तीन परियोजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर लेने के लिए बैठकें आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय निकायों के लिए कोष कई गुना बढ़ गया है और संसाधन कोई बाधा नहीं हैं। मोदी ने परिसंपत्ति निर्माण के लिए मनरेगा बजट के एक हिस्से का उपयोग करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, पहले, अनुदान 70,000 करोड़ रुपए हुआ करता था, लेकिन अब यह तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक है। हमने 30,000 से अधिक जिला पंचायत भवनों का निर्माण किया है।

### विकास को गांवों तक पहुंचाना लक्ष्य: नड्डा

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि यहां क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद का आयोजन गांवों तक विकास पहुंचाने और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के तहत 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। मोदी ने कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। नड्डा ने कहा कि इस कार्यक्रम में 125 से अधिक जिला अध्यक्षों और उपाध्यक्षों ने भाग लिया। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि देश के सबसे कमजोर लोगों को मजबूत किया जाए और गरीबों तथा हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए।

### कर्नाटक सरकार का आदेश जारी

# '40% कमीशन घोटाले' की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित

एजेंसी । बेंगलुरु



कर्नाटक सरकार ने राज्य में पूर्ववर्ती भाजपा नीत सरकार के दौरान सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए 40 प्रतिशत कमीशन की मांग किए जाने के आरोपों की न्यायिक जांच का आदेश दिया है।

सत्ता में आने के तीन महीने बाद, सत्तारूढ़ कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले किए गए अपने प्रमुख वादों में से एक को पूरा करते हुए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश नागमोहन दास के नेतृत्व में जांच आयोग गठित करने का आदेश दिया। आदेश के मुताबिक, आयोग उन विभागों की गतिविधियों की जांच करेगा, जहां बड़े पैमाने पर सार्वजनिक कार्य किए जाते हैं। कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ ने सभी सार्वजनिक परियोजनाओं पर 40 प्रतिशत कमीशन लिए जाने के बारे में प्रधानमंत्री और तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधने के लिए '40 फीसदी कमीशन' का मुद्दा उठाया था।

### आयोग यह करेगा जांच

आयोग इस बात की जांच करेगा कि प्रशासनिक स्वीकृतियां नियमों और कार्यों की गुणवत्ता के अनुरूप दी गई थीं या नहीं। आयोग यह भी पता लगाएगा कि क्या अनुमान मौजूदा दरों के अनुरूप थे और लागत बढ़ने की स्थिति में अनुमान को संशोधित करने की आवश्यकता थी। जांच के दौरान संबंधित विभागों को अपनी फाइल आयोग को सौंपनी होंगी।

### मध्य प्रदेश: रंग-ए-चुनाव




*भोपाल। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए अभी तिथियों की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राज्य में सत्ता की दावेदार दोनों पार्टियों भाजपा और कांग्रेस ने अपना-अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पन्ना जिले में एक रोड शो किया, जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने भोपाल में एक पोस्टर जारी किया। इसमें राज्य की भाजपा नीत शिवराज सिंह चौहान सरकार के शासन में हुए कथित भ्रष्टाचार की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।* -पीटीआई

### कांग्रेस: छत्तीसगढ़ के लिए गठित की चार समिति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को चुनाव प्रबंधन समिति और घोषणापत्र समिति समेत चार समितियों का गठन किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत चुनाव घोषणापत्र समिति, चुनाव प्रबंधन समिति, अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति और योजना एवं रणनीति समिति के गठन को स्वीकृति प्रदान की। चुनाव घोषणापत्र समिति की अध्यक्षता प्रदेश के परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर करेंगे। मंत्री शिवकुमार डहरिया समेत 22 नेता घोषणापत्र समिति में सदस्य बनाए गए हैं।

### UP कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष राय का दावा

# अमेठी से चुनाव लड़ेंगे राहुल

एजेंसी । वाराणसी

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2024 का आम चुनाव राज्य के अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लड़ेंगे। प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अजय राय पहली बार अपने गृहनगर वाराणसी पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों एवं फूल-माला के साथ उनका स्वागत किया।

संवादाताओं के यह पूछे जाने पर कि क्या 2024 में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे, राय ने कहा, राहुल निश्चित रूप से अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, अमेठी के लोग यहां उपस्थित हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के बारे में राय ने जोर देकर कहा, वह जहां से भी चुनाव लड़ेंगी, चाहे बनारस (वाराणसी) से, यहां का एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए जान लड़ा देगा। हम उनका पूरा समर्थन करेंगे। अमेठी से 2019 के आम चुनाव में राहुल गांधी के मुकाबले जीत दर्ज करने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बारे में पूछे जाने पर राय ने कहा, वह बौखलाई हुई हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से दो बार (2014 एवं 2019 में) कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके राय को दलित नेता बृजलाल खाबरी की जगह तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी नियुक्ति नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ने का इनाम है, उन्होंने कहा, यह मेरे लगातार संघर्ष का नतीजा है। उन्होंने कहा, प्रदेश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई के साथ ही लोगों को डराकर अपने साथ लेने का है। ये लोग ईडी और सीबीआई का डर दिखा कर माहौल अपने पक्ष में करने का काम कर रहें हैं। राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी ने उनके ऊपर जो भरोसा किया है, उस पर वह खरा उतरेंगे। राय 1996-2017 के बीच लगभग 20 वर्षों तक विधानसभा के सदस्य रहे और कांग्रेस में शामिल होने से पहले वह भाजपा और सपा में थे।

### केजरीवाल ने तय किया आप का चुनावी एजेंडा

# लोकसभा का अगला चुनाव दिल्ली को पूर्ण राज्य के दर्जे के मुद्दे पर लड़ेंगे

एजेंसी । नई दिल्ली

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी भाजपा व कांग्रेस के बाद तीसरी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा में कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय राजधानी के लिए पूर्ण राज्य के मुद्दे पर लड़ा जाएगा।

साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा दिल्ली की सभी सीटें हार जाएगी। समझा जाता है कि केजरीवाल ने यह कहकर 2024 के चुनाव के लिए अपना एजेंडा तय कर दिया। केजरीवाल ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सेवा मामले पर अध्यादेश इसलिए लाया गया था क्योंकि धनबल और प्रवर्तन निदेशालय तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) का डर कारगर नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यादेश और विधेयक के माध्यम से दिल्ली के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचल दिया गया।



### लोकंतत्र की संघी शैली लेकर आई भाजपा


केजरीवाल ने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था की कई शैलियां हैं जैसे वेस्टमिंस्टर शैली और संसदीय शैली। ये लोग (भाजपा) इस विधेयक के माध्यम से लोकतंत्र की संघी शैली लेकर आए हैं। केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि हाल में भाजपा के किसी नेता ने उन्हें धमकी देते हुए कहा था, हम तुम्हें झुका देंगे। 'लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि कोई भी ताकत केजरीवाल और दिल्ली के दो करोड़ लोगों को झुका नहीं सकती।

### BJP पर केजरीवाल का तीखा हमला

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली में आज 18 लाख गरीबों के बच्चे अच्छे स्कूलों में पढ़ते हैं, मोहल्ला क्लीनिक में लोग फ्री में इलाज कराते हैं, बिजली का बिल जीरो आता है। लोग हमें आशीर्वाद देते हैं। इन्होंने जितने काम किए हैं, सब पाप किए हैं। लोगों का इलाज रोका, फ्री बिजली रोकी। अब अगर आप पाप करोगे तो उसका परिणाम तो भुगतना पड़ेगा। ये जिंदगी भर यहीं (विपक्ष में) बैठेंगे, अभी तो आठ हैं, अगली बार दो भी नहीं बचेंगे।

### गठबंधन हो या न हो, कांग्रेस सभी सात सीटों पर खुद को मजबूत करेगी: संदीप दीक्षित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने शुक्रवार को कहा कि अलका लांबा की उस टिप्पणी का आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के फैसले से कोई संबंध नहीं है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस दिल्ली की सभी सात सीटों पर खुद को मजबूत करेगी। दीक्षित ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि किसी भी पार्टी को गठबंधन से इतर सभी जिलों में खुद को मजबूत करने की जरूरत होती है। उनका कहना था, अलका लांबा ने जो कहा वह यह था कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ता सभी सात जिलों में खुद को मजबूत करेंगे। जब आप एक पार्टी को मजबूत करते हैं, तो इसे चुनिंदा ढंग से नहीं करते हैं, आप पूरे राज्य में पार्टी को मजबूत करते हैं। अगर गठबंधन होता है, तो वे जिस भी सीट पर लड़ेंगे हम उनका समर्थन करेंगे और हम जहां लड़ेंगे, वहां वे हमारा समर्थन करेंगे। दीक्षित ने सवाल किया, अगर हम सभी जिलों में अपना आधार मजबूत नहीं करेंगे तो हम आगामी चुनाव कैसे लड़ेंगे? या हम उनका समर्थन कैसे करेंगे?



## जरूरी खबर

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति रईसी से की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी से बात की और द्विपक्षीय तथा क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने चाबहार बंदरगाह की पूरी क्षमता का लाभ उठाने सहित द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने रेखांकित किया कि भारत-ईरान के मजबूत संबंध लोगों के आपसी संपर्क सहित करीबी ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं।

### बेंगलुरू में देश के पहले 3डी डाकघर का उद्घाटन



**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** बेंगलुरु में 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके रोबोट प्रिंटर से निर्मित भारत के पहले डाकघर का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। रोबोट प्रिंटर ने 3डी मॉडल डिजाइन के अनुरूप कंक्रीट की परत-दर-परत तैयार कर इमारत का निर्माण किया। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस डाकघर का उद्घाटन किया। डाकघर की संपूर्ण निर्माण गतिविधि 45 दिन में पूरी की गई। पारंपरिक तरीके से इसे बनाने में लगभग छह से आठ महीने लग जाते। लागत और समय की बचत 3डी-कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक को पारंपरिक भवन निर्माण प्रणाली का एक व्यवहार्य विकल्प बनाती है।

### विमान में बम रखे होने की सूचना से उड़ान में देरी

**नई दिल्ली।** विस्तार एआरलाइंस की दिल्ली-पुणे उड़ान में बम रखे होने की सूचना के चलते यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब आठ घंटे की देरी हुई। सूत्रों ने बताया कि बम खतरा आकलन समिति ने सुबह 7:38 बजे मिली बम रखे होने की सूचना को अपराह्न 2:15 बजे अफवाह घोषित कर दिया। व्यापक सुरक्षा जांच के बाद एअरलाइन को विमान के उपयोग के लिए सुरक्षा मंजूरी जारी कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, फ्लाइट यूके971 को सुबह 8:30 बजे रवाना होना था और आखिरकार यह शाम 4.30 बजे रवाना हुई। एयरबस ए320 विमान में 100 से अधिक यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे।

## जालंधर: बाढ़ से जलमग्न इलाके और सुरक्षित जगह की तलाश





*जालंधर। भारी बारिश व भाखड़ा नांगल बांध से अतिरिक्त पानी छोड़ जाने से पंजाब के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। भारी बारिश के कारण ब्यास नदी में उफान के कारण जालंधर जिले के कई इलाके जलमग्न हो गए। बाढ़ प्रभावित इलाकों से सुरक्षित स्थानों की ओर जाते लोग।* -पीटीआई

### बाढ़ व भूस्खलन से 2038 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में इस मानसून के दौरान बाढ़, बिजली गिरने और भूस्खलन के कारण कम से कम 2,038 लोगों की मौत हो गई। बिहार में सबसे अधिक 518 और हिमाचल प्रदेश में 330 लोगों की मौत हुई। गुजरात में 165 लोगों की मौत हो गई जबकि मध्य प्रदेश में 138; कर्नाटक और महाराष्ट्र में 107-107; छत्तीसगढ़ में 90 और उत्तराखंड में 75 लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल एक अप्रैल से 17 अगस्त के बीच बारिश और बाढ़ के कारण 101 लोग लापता हो गए जबकि 1,584 लोग घायल हो गए।

बारिश, भूस्खलन और बिजली गिरने से 335 जिले प्रभावित हुए हैं जिनमें 40 जिले मध्य प्रदेश में हैं जबकि असम में 30 और उत्तर प्रदेश में 27 जिले प्रभावित हुए हैं। मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश के 12 जिले और उत्तराखंड के सात जिले भी प्रभावित हुए हैं।

## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा

# शांत उखरूल में हमला 3 लोगों की नृशंस हत्या

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में करीब डेढ़ सप्ताह बाद शुक्रवार तड़के फिर हिंसा की घटनाएं हुईं। ताजा घटना में शुक्रवार को उखरूल जिले के कुकी थोवाई गांव में भारी गोलीबारी के बाद तीन लोगों के क्षत-विक्षत शव मिले। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा के हालिया दौर में तांगखुल नगाओं के प्रभुत्व वाले उखरूल जिले में पहली बार हमला हुआ है।

उन्होंने बताया कि ताजा हिंसा लिटान पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में हुई, जहां सुबह-सुबह भारी गोलीबारी की आवाज सुनाई दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आसपास के गांवों और जंगलों की गहन तलाशी ली और 24 वर्ष से 35 वर्ष की उम्र के तीन लोगों के शव बरामद किए। तीनों शवों पर धारदार चाकू से हमले के निशान हैं तथा उनके हाथ-पैर भी कटे हुए हैं। पूर्वोत्तर राज्य में बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' निकाले जाने के दौरान तीन मई को हिंसा भड़की थी। तब से राज्य में 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।




*चिकमगलुर। मणिपुर में जारी हिंसा के विरोध में कर्नाटक के चिकमगलुर में प्रदर्शन करते ईसाई समुदाय के लोग।*

### हथियारों के प्रदर्शन पर रिपोर्ट मांगी

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित अनौपचारिक परेड में लोगों के एक समूह द्वारा अत्याधुनिक हथियारों के प्रदर्शन पर चुराचांदपुर के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट देने को कहा है। राज्य सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा कि परेड में हथियारों का प्रदर्शन करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, चुराचांदपुर में 15 अगस्त को एक अनौपचारिक परेड में हथियारों के प्रदर्शन पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई है।

### हर किसी को बोलने का अधिकार: सिंह

इंफाल। मणिपुर के कुकी विधायकों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्य के कुकी बहुल पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अलग मुख्य सचिव और अलग पुलिस महानिदेशक की व्यवस्था करने के अनुरोध पर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को स्वतंत्र होकर बोलने का अधिकार है। ज्ञात रहे कि दस कुकी विधायकों ने बुधवार को मोदी से एक ज्ञापन में यह अनुरोध किया था। जिन पांच जिलों के लिए मांग की गई है, उनमें चुराचांदपुर, कांगपोकपी, चंदेल, टेंग्नौपाल और फेरज़ावल शामिल हैं।

## दो शोध रिपोर्टों के हवाले से पीएम मोदी ने कहा...

# आर्थिक समृद्धि के नए युग के मुहाने पर खड़ा है भारत

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक स्थिति के बारे में आकर्षक तस्वीर पेश करने वालीं कुछ रिपोर्ट का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत न्यायोचित एवं सामूहिक समृद्धि की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है और यह आर्थिक समृद्धि के नए युग के मुहाने पर खड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर लिखी एक टिप्पणी में कहा कि उन्होंने हाल ही में प्रकाशित दो शोधपरक लेख देखे हैं, जो भारत की



अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साही रुख रखने वाले सभी लोगों को पसंद आएंगे। इनमें से एक रिपोर्ट एसबीआई रिसर्च की है, जबकि दूसरी रिपोर्ट पत्रकार अनिल पद्मनाभन ने लिखी है। उन्होंने इन रिपोर्ट में दिए गए कुछ आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि एसबीआई रिसर्च ने जमा किए गए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के आधार पर वित्त वर्ष 2022-23 में औसत आय 13 लाख रुपए पर पहुंचने की बात कही है, जबकि कर आकलन वर्ष 2013-14 में यह 4.4 लाख रुपए थी।

प्रधानमंत्री की लिंक्डइन पोस्ट के मुताबिक, पद्मनाभन की आईटीआर आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट विभिन्न आय समूहों में कर-आधार बढ़ने और प्रत्येक समूह के रिटर्न जमा करने में कम-से-कम तीन गुना वृद्धि होने का जिक्र करती है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 602.16 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.16 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लगातार तीन हफ्तों तक गिरावट के बाद मुद्रा भंडार में यह पहली बढ़ोतरी है। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 601.45 अरब डॉलर रहा था।

### मूडीज ने भारत की साख बीएए 3 रेटिंग पर बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की साख को बीएए3 रेटिंग पर बरकरार रखते हुए कहा है कि उच्च वृद्धि दर से आय स्तर में क्रमिक वृद्धि होगी जो आर्थिक स्थिति को मजबूती देगी। मूडीज का अनुमान है कि घरेलू मांग के दम पर भारत की आर्थिक वृद्धि दर अगले दो साल तक जी-20 देशों की अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले ऊंचे स्तर पर बनी रहेगी।

## बिहार में जातीय जनगणना: सुप्रीम कोर्ट ने पूछा...

# जाति विवरण देने में क्या है नुकसान!

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूछा कि अगर कोई व्यक्ति बिहार में जातिगत सर्वेक्षण के दौरान जाति या उप-जाति का विवरण प्रदान करता है तो इसमें क्या नुकसान है, यदि किसी व्यक्ति का डेटा राज्य सरकार की ओर से प्रकाशित नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने पटना उच्च न्यायालय के एक अगस्त के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं



पर शुक्रवार को सुनवाई शुरू की, जिसमें जातिगत सर्वेक्षण को अनुमति प्रदान की गई थी। इनमें से कुछ याचिकाओं में दावा किया गया है कि यह सर्वेक्षण लोगों की निजता के अधिकार का उल्लंघन है। पीठ ने गैर-सरकारी संगठन 'यूथ फॉर इक्वेलिटी' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन से पूछा, अगर कोई अपनी जाति या उपजाति का नाम देता है, और यदि वह डेटा प्रकाशित नहीं किया जाता है, तो (इसमें) नुकसान क्या है। जो जारी करने की बात की जा रही है वह केवल संचयी आंकड़े हैं। यह निजता के अधिकार को कैसे प्रभावित करता है? ऐसे क्या सवाल हैं, जिससे आपको लगता है कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के विपरीत है।

### आरिज खान की मौत की सजा पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने वर्ष 2008 के सनसनीखेज बटला हाउस मुठभेड़ मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि पर शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मुठभेड़ के दौरान दिल्ली पुलिस के निरीक्षक मोहन चंद शर्मा की जान चली गई थी। दोषी और राज्य सरकार के वकीलों की दलीलें पूरी होने के बाद पीठ ने कहा, बहस सुनी जा चुकी है।

## युवाओं से मुलाकात



*लेह। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को लद्दाख में राजीव गांधी फुटसल (फुटबाल की तरह का का एक खेल) टूर्नामेंट का फाइनल देखने के लिए पहुंचे। इस मौके पर युवाओं से मुलाकात करते राहुल गांधी।*

## एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में दावा

# राज्यसभा के करीब 12 प्रतिशत सदस्य अरबपति

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा के लगभग 12 प्रतिशत मौजूदा सदस्य अरबपति हैं तथा ऐसे सांसदों का प्रतिशत आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना से सबसे अधिक है। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' (एनईडब्ल्यू) ने राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 225 के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों का विश्लेषण किया और उन्हें अद्यतन किया। मौजूदा राज्यसभा में एक सीट खाली है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के 11 सदस्यों में से



5 (45 फीसदी), तेलंगाना के 7 सदस्यों में से 3 (43 फीसदी), महाराष्ट्र के 19 सदस्यों में से 3 (16 फीसदी), दिल्ली के 3 सदस्यों में से 1 (33 फीसदी), पंजाब के 7 सदस्यों में से 2 (29 प्रतिशत), हरियाणा के 5 सदस्यों में से 1 (20 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश के 11 सदस्यों में से 2 (18 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। तेलंगाना से विश्लेषण किए गए सात सदस्यों की कुल संपत्ति 5,596 करोड़ रुपए, आंध्र प्रदेश के 11 सदस्यों की कुल संपत्ति 3,823 करोड़ रुपए और उत्तर प्रदेश से विश्लेषण किए गए 30 संसद सदस्यों की कुल संपत्ति 1,941 करोड़ रुपए है।

### 33 प्रतिशत सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले

एडीआर के अनुसार विश्लेषण में शामिल 225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके अलावा लगभग 41 (18 प्रतिशत) राज्यसभा सदस्यों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं और दो सदस्यों ने हत्या (आईपीसी धारा 302) से संबंधित मामले घोषित किए हैं। चार राज्यसभा सदस्यों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है। चार सदस्यों में से, राजस्थान से एक राज्यसभा सदस्य कांग्रेस के के. सी. वेणुगोपाल-ने बलात्कार (आईपीसी धारा 376) से संबंधित मामला घोषित किया है।

### भाजपा के 23 सदस्यों के खिलाफ हैं केस

भाजपा के 85 राज्यसभा सदस्यों में से लगभग 23 (27 प्रतिशत), कांग्रेस के 30 सदस्यों में से 12 (40 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 13 सदस्यों में से 4 (31 प्रतिशत), राजद के 6 सदस्यों में से पांच (83 प्रतिशत),माकपा के 5 सदस्यों में से 4 (80 प्रतिशत), आम आदमी पार्टी के 10 सदस्यों में से 3 (30 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 9 सदस्यों में से 3 (33 प्रतिशत) और राकांपा 3 राज्यसभा सदस्यों से दो (67 फीसदी) ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

## भारत-यूनान बढ़ाएंगे रणनीतिक रिश्ते

# पहले ब्रिक्स समिट में फिर यूनान जाएंगे PM

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका के संगठन ब्रिक्स की वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग का दौरा करेंगे। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल होंगे। भारत-चीन रिश्तों में मौजदा तनाव को देखते हुए यह यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि मोदी जोहानिसबर्ग की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद 25 अगस्त को यूनान की यात्रा करेंगे। वह प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। वर्ततान में दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। यह चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यूनान की पहली यात्रा होगी। दोनों पक्ष व्यापार, निवेश, रक्षा और लोगों के संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के इच्छुक हैं। हालांकि मोदी की यूनान यात्रा पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जून में यूनान का दौरा किया था। यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करने के तरीकों पर चर्चा की थी।

## ब्रह्माकुमारी सेंटर में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर विनायक शर्मा ने रखे विचार

# तनाव का मूल कारण मन की कमजोरी

**बेधड़क | जयपुर**

शास्त्र पढ़ने का बचपन से शौक रहा। सबसे कम उम्र में मीडिया हाउस शुरू किया और रिकॉर्ड बनाया। सब सवाल करते हैं कि ये कैसे किया? जब सोचता हूं कि ये कैसे हो गया तो पता चलता है शास्त्रों में पढ़ा और जीवन में उतारा तो अपने आप सफलता मिलती गई। यह कहना था सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा का जो ब्रह्माकुमारी राजापार्क सेंटर में शुक्रवार को आयोजित राखी सेलिब्रेशन में गेस्ट के रूप में बोल रहे थे।

इस मौके पर स्ट्रेस फ्री लाइफ का सेशन भी हुआ। चीफ गेस्ट मोहिता (डिप्टी सॉल्ट कमिश्नर इंडियन सॉल्ट सर्विस) थीं। सेलिब्रेशन में ब्यूरोक्रेट्स, पुलिस ऑफिसर्स और ब्रह्माकुमारी के कई सेंटर्स के बीके शामिल हुए।





**हम मन और बुद्धि से जीवन जीते हैं**

शर्मा ने आगे कहा कि हम मन और बुदि से जीवन जीते हैं। जहां मन लगाना चाहिए, वहां बुदि लगा देते हैं। मन ईश्वर में लगाना चाहिए, लेकिन संसार में लगा देते हैं। संसार में मन लगाओगे तो दुख ही मिलेगा, क्योंकि संसार तो माया से बना और मिथिया है। ईश्वर में मन लगाना और संसार में बुदि लगानी चाहिए। हम अक्सर परमात्मा को तर्क की कसौटी से तोलने की कोशिश करते हैं। परम शक्ति को बुदि से खोजने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बुदि से संसार मिल सकता है, परम शांति नहीं।



### ब्रह्म, जीव और माया

विनायक शर्मा ने कहा कि ऊपर वाले ने ब्रह्म, जीव और माया का क्रिएशन किया है। ब्रहम वह स्वयं है और जीव हम सब हैं। उसके और हमारे बीच जो गेप है वह माया है। हम माया के अधीन होकर ईश्वर से इतनी दूरी बना लेते हैं, कि वह हमारे कितना करीब है पहचान ही नहीं पाते हैं। उन्होंने ब्रह्माजी का उदाहरण दिया कि वे कमल से कई वर्षों तक नीचे उतरे रहे, लेकिन कुछ नहीं मिला। जब वापस ऊपर आए तो मन के अंतर विचार किया कि मैं कौन हूं? तो सामने भगवान विष्णु दिखे और नाभी से निकला खुद का स्वरूप दिखाई दिया। बस ऐसे ही हम भी नीचे जाने और उपर आने तक सीमित हैं, लेकिन आंखे बंद करने की देर है। स्ट्रेस हमारे कम ज्ञान का परिणाम है। हमारे सुख और दुख का कारण सिर्फ हम ही हैं।

### मन को सशक्त बनाकर होगी जीत

उन्होंने कहा कि इसका समाधान कमजोर मन को सशक्त बनाना है। एपसेंस माइंड से जो भी सोचते हैं, फिर वैसा ही करते हैं। इसलिए मन को मजबूत बनाने के लिए एजुकेशन का होना जरूरी है। शरीर से पहले मन का मजबूत और हेल्दी होना आवश्यक है।

### मन को मजबूत बनाना होगा

इस मौके पर मालपुरा सेंटर की बीके जीत दीदी ने तनाव मुक्त जीवन पर सेशन लिया और कहा कि तनाव और टेंशन की वजह से इंसान जीवन का आनंद नहीं ले पा रहा है। छोटे बच्चे को भी टेंशन है, जबकि वह टेंशन समझता तक नहीं है। बच्चा पूछने पर भी नहीं बता पाएगा, लेकिन फिर भी टेंशन में है। यह एक समस्या हो गई है और यदि समय पर तनाव से बाहर नहीं निकला जाए तो डिप्रेशन बन जाता है। ऐसे में हमें सबसे पहले समझना होगा कि वास्तव में स्ट्रेस क्या है? उसके बाद उसका समाधान देखते हैं। तनाव और कुछ नहीं है हमारे कमजोर मन की रचना है। मन में चल रहे नेगेटिव विचार का प्रभाव स्ट्रेस है। हर इंसान चाहता है कि तनाव में नहीं रहे। फिर भी है, क्योंकि उसके पास कई कारण हैं। मूल कारण मन कमजोर होना है। उसकी रचना ऐसी हो गई है कि जीवन की दौड़ में वह कब तनाव में आ गया उसे पता नहीं चला।

## इंटीरियर एक्सपो का आगाज



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर वासियों की फेस्टिवल सीजन में घर से जुड़ी हर जरूरत को पूरा करने के लिए यति ग्रुप की ओर से शुक्रवार को इंडिया इंटीरियर एक्सपो 2023 का होटल क्लार्क्स आमेर में आगाज किया गया। ग्रुप की निर्देशिका विधि शर्मा ने बताया एक्सपो का शुभारंभ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर के चेयरमैन शीतल कुमार अग्रवाल व IIA राजस्थान चैप्टर के चेयरमैन तुषार सोगानी द्वारा किया गया। एक्स्पो में एक ही छत के नीचे इंटीरियर डेकोरेशन इंडस्ट्री के बड़े इंटीरियर डिजाइनर्स, आर्किटेक्ट, बिल्डर्स, वास्तु एक्सपर्ट, हार्डवेयर सप्लायर्स, मैन्युफैक्चर एवं डिस्ट्रीब्यूटर शामिल किए गए हैं। एक्सपो के स्पॉन्सर एसआर द होम एवं प्री मार्क हैं। एक्सपो शुक्रवार से 20 अगस्त तक सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक रहेगा।

## 9 सिंगर्स सजाएंगे गोल्डन 'ऐरा'



**बेधड़क. जयपुर।** म्यूजिक के दीवाने ग्रुप की ओर से 20 अगस्त को जयपुर में 'गीत खिले हैं गुलशन-गुलशन' कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की खासियत है, कि इसमें प्रदेश के 9 सिंगर्स बॉलीवुड गोल्डन ऐरा के सुपर हिट गीत गाएंगे। गीतों के जरिए सिंगर्स संगीत प्रेमियों को लता मंगेशकर, आशा भौंसले, मोहम्मद रफी, मुकेश और किशोर कुमार की गायन शैली की अनुभूति भी कराएंगे। कार्यक्रम संयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि शाम 6:30 बजे से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली इस सुरीली शाम में राजेश शर्मा, किशोर सरावगी, जय शर्मा, धर्मेन्द्र छाबड़ा, धीरज झामरिया, जया शर्मा, गीतिका चतुर्वेदी, ममता झा और नीलम शर्मा गीत गाएंगे।

## City इवेंट्स

### ऋषभदेव मंदिर में सजाई फूलों की झांकी



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क. जयपुर।** पर्यूषण पर्व की मंगल आराधना के अवसर पर स्टेशन रोड स्थित पुगलियां जैन श्वेतांबर मंदिर में भगवान ऋषभदेव का रंगीन खुशबूदार फूलों से भव्य दरबार सजाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंगीन रोशनी से भी सजाया गया। मंदिर में भगवान ऋषभदेव जी की शाम को आरती के बाद देर रात तक दर्शन के साथ ही महिलाएं भगवान का गुणगान करती रहीं।

### 'मुक्ति पर्व' पर सत्संग आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** संत निरंकारी मिशन की ओर से 'मुक्ति पर्व' पर जोन 20 बी सहित संयोजक स्तर पर राजापार्क, ठिकरिया, बांदीकुई, पचवारा और बस्सी में सत्संग कार्यक्रम हुए। सेक्रेटरी संत निरंकारी मंडल, दिल्ली डॉ. प्रवीन खुल्लर ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर उनके प्रेरणादायी जीवन से शिक्षाएं भी सांझा की गयी। उन्होंने कहा कि संतों ने अनेक विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने तप त्याग से मिशन को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया। खुल्लर ने जयपुर के बस्सी में विशाल संत समागम में कानोता, मच्छ की पीपली, जमवारामगढ़, देवगांव, तूंगा, बिहारीपुरा आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया।

### पाथेय कण के विशेषांक का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सालासर में पाथेय कण के स्वाधीनता विशेषांक 'समाज परिवर्तन की ओर बढ़ते कदम' का विमोचन किया। विमोचन समारोह में क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, पाथेय कण के संपादक रामस्वरूप अग्रवाल तथा संस्थान के सचिव महेन्द्र सिंघल उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कोविंद 'श्रीमती त्रिवेणी देवी धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर' के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के अवसर पर सालासर आए थे

## JKK में वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर डिस्प्ले हुई 330 तस्वीरें

# राजस्थान फोटो फेस्टिवल में देश दुनिया के रंग, फोटोज के संग



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केंद्र की दीवारों पर जब फोटोग्राफर्स की वर्षों की मेहनत फोटोज के रूप में सामने आईं तो कला, संस्कृति और उत्साह के रंग देखने को मिले। नजारा था जेकेके की सहभागिता में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत नजर फोटो एग्जीबिशन के दूसरे सीजन का।

वर्ल्ड फोटोग्राफी डे 18, 19, 20 अगस्त तक इसका आयोजन किया जाएगा। यहां 200 से अधिक फोटोग्राफर ने भाग लिया है और 350 से अधिक तस्वीरे डिस्प्ले की गई हैं। राजस्थान से बीकानेर, अलवर, जोधपुर, अजमेर, ब्यावर, उदयपुर और लखनऊ, सतना, इंदौर, हिमाचल, मुंबई, पंजाब, दिल्ली व विदेश से इंग्लैंड, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रिया, बहरीन, चाइना से भी फोटोग्राफर ने भाग लिया। एग्जीबिशन संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि भारत भर की खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिल रही हैं। यह एक ऐसा मंच है, जहां सभी प्रकार की फोटोग्राफी थीम और हर क्षेत्र से संबंधित फोटोग्राफर फोटो जर्नलिस्ट, फैशन फोटोग्राफर, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर और स्ट्रीट्स फोटोग्राफर्स को एक साथ लाया गया है। एग्जीबिशन संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि यह ऐसा मंच है, जहां सभी प्रकार की थीम और हर क्षेत्र से संबंधित फोटोग्राफर फोटो जर्नलिस्ट, फैशन फोटोग्राफर, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर और स्ट्रीट्स फोटोग्राफर्स को एक साथ लाया गया है।

## 40 वर्ष बाद पोलो क्लब मैदान का कायाकल्प

# जयपुर पोलो टीम री-लॉन्च, इस बार दो महीने चलेगा पोलो सीजन



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में सवाई पद्मनाभ सिंह ने 7 दशक बाद फिर से जयपुर पोलो टीम को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि जयपुर की नई टीम इस सीजन के साथ सभी प्रमुख केंद्रों में इंडियन कप में भाग लेगी।

यह ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि जयपुर पोलो टीम के पुनरुद्धार (रिवाइवल) से दशकों से चली आ रही विरासत फिर से जीवंत हो उठेगी और नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। नई टीम अपने पूर्ववर्ती की जीत को फिर से दोहराने के लिए तैयार है, जिसमें 1957 में फ्रांस के ड्यूविल में हुई जीत शामिल है। इस मौके पर जयपुर पोलो टीम की जर्सी का अनावरण भी किया गाय। इस दौरान फैडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पोलो (एफआईपी) के भारत के एम्बेसेडर नरेंद्र सिंह, आरपीसी सेक्रेटरी दिग्विजय सिंह, आरपीसी ज्वाइंट सेक्रेटरी विक्रमादित्य बरकाना और जयपुर पोलो मैग्जीन के संपादक अंकुर मिश्रा उपस्थित रहे। जर्सी को पहले के समय की तरह ही दोबारा तैयार किया गया है और बिल्कुल वैसे ही रखा गया है, जैसी स्वर्गीय सवाई मान सिंह की विजयी जयपुर टीम ने पहनी थी। ग्राउंड के बदलाव के बारे में बताया कि 40 वर्ष के अंतराल के बाद अब ग्राउंड पर नई घास बिछाई गई है, जिसके रखरखाव के लिए न्यूनतम पानी की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, हाईटेक मशीनरी और आधुनिक सिस्टम की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष सितंबर पोलो सीजन 2 महीने तक चलेगा। पहले यह सिर्फ 2 हफ्ते का होता था।

**रोड शो** बैंकॉक रत्न और आभूषण मेले के लिए जूलरी विशेषज्ञ एक मंच पर आए

# 'नमस्ते जयपुर' में भारत-थाईलैंड के फैशन की चमक

**बेधड़क | जयपुर**

फ्लोर पर जब मॉडल्स ब्लैक ड्रेस में स्टोन और हर तरह की जूलरी पहनकर उतरीं तो दो देशों के आभूषणों की आभा जयपुर में बिखरी। वहीं थाईलैंड और इंडिया (जयपुर) के जूलरी विशेषज्ञ एक मंच पर आए। नजारा था जयपुर में अंतरराष्ट्रीय व्यापार संवर्धन विभाग (डीआईटीपी) और जेम एंड जूलरी इंस्टीट्यूट ऑफ थाईलैंड (जीआईटी) के 6-10 सितंबर तक बैंकॉक में होने वाले बैंकॉक रत्न और आभूषण मेले के लिए 'नमस्ते जयपुर' रोड शो का।



जहां मॉडल्स ने थाईलैंड जूलरी की श्रृंखला प्रदर्शित की। मेला थाईलैंड के रत्न आभूषणों के डिजाइनों की नई चेन तक पहुंचने के लिए मंच के रूप में लगाया जाएगा।

### माणिक, नीलम व पन्ना शामिल

जीआईटी के उपनिदेशक (व्यवसाय) सिथिचाई परिन्यानुसोर्न ने थाईलैंड के रत्न और आभूषण शिल्प कौशल के बारे में जानकारी दी। उनके अनुसार देश सबसे कीमती रत्नों का घर है, जिनमें माणिक, नीलम और पन्ना शामिल हैं। 2022 में थाई रत्न और आभूषण उद्योग को 15 बिलियन डालर से अधिक राजस्व हुआ और इस बार वे 5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं।

**मजबूत होगा नेटवर्क**

68वें बैंकॉक मेले में 2,400 बूथों में 1,100 से अधिक प्रदर्शक प्रदर्शित करेंगे। थाई ट्रेड सेंटर नई दिल्ली की निदेशक सैथॉन्ग सोइफेट, डॉ. चेतन कुमार मेहता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-इंडिया बुलियन एंड जूलर्स एसोसिएशन, जूलर्स एसोसिएशन जयपुर अध्यक्ष द्वारका प्रसाद खंडेलवाल ने कहा कि इससे नेटवर्क मजबूत होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवरतन कोठारी, विशिष्ट अतिथि प्रमोद अग्रवाल, अन्य विशिष्ट अतिथि अशोक माहेश्वरी, राजीव जैन, अरविंद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## चीन के कारोबार में हाहाकार: डूबी दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रेंड...




***बीजिंग।*** *चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रेंड ने अमेरिका में खुद को दिवालिया घोषित कर दिया है। दरअसल, एवरग्रेंड ने न्यूयॉर्क की एक अदालत में चैप्टर-15 के तहत दिवालियापन संरक्षण दाखिल किया है। इसके तहत अमेरिका में विदेशी कंपनी की संपत्तियों को सुरक्षा मिलती है। इसके साथ ही संकट से जूझ रही कंपनी कर्ज के री-स्ट्रक्चरिंग पर काम कर सकती है। बता दें कि एवरग्रेंड पर $300 बिलियन का भारी कर्ज है। यह ग्रुप साल 2021 में अपने ऋण भुगतान में चूक कर चुका है। कंपनी के हांगकांग-सूचीबद्ध शेयरों को मार्च 2022 से व्यापार से निलंबित कर दिया गया है। एवरग्रेंड ने पिछले महीने बताया था कि पिछले दो वर्षों में उसे संयुक्त रूप से 581.9 बिलियन युआन ($80 बिलियन) का नुकसान हुआ है।*

## डोनाल्ड ट्रंप को भेजा था जहर मिला पत्र

# महिला को 22 साल की सजा

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान उन्हें जहर मिला हुआ पत्र भेजने के मामले में एक कनाडाई महिला को 22 साल जेल की सजा सुनाई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जिला न्यायाधीश डाबनी फ्रेडरिक ने 56 वर्षीय पास्केल फेरियर को 22 साल के जेल की सजा सुनाई। सजा पूरी करने के बाद उसे अमेरिका से निर्वासित कर दिया जाएगा।

न्यायाधीश फ्रेडरिक ने फेरियर से कहा कि उसकी हरकतें घातक और समाज के लिए हानिकारक थीं। फ्रांस और कनाडा की दोहरी नागरिक फेरियर ने अदालत से कहा कि उसे खेद है कि उसकी योजना विफल हो गई। वह खुद को एक कार्यकर्ता के रूप में देखती हैं, आतंकी के रूप में नहीं। रिपोर्ट के अनुसार एफबीआई को ट्रंप को लिखे पत्र पर उनकी उंगलियों के निशान मिले। पत्र में उनसे राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया गया था।



### सितंबर 2020 में की गई गिरफ्तार

फेरियर ने टेक्सास के आठ कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इसी तरह के पत्र भेजने की बात स्वीकार की। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार 2019 में उन्हें गैरकानूनी रूप से हथियार ले जाने और बिना वैध लाइसेंस के गाड़ी चलाने के लिए राज्य में लगभग 10 सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था और उन्होंने उस हिरासत के लिए उन अधिकारियों को दोषी ठहराया था। फेरियर को सितंबर 2020 में बफेलो, न्यूयॉर्क में सीमा पार करते हुए गिरफ्तार किया गया था। वह एक बंदूक, चाकू और गोला-बारूद ले जा रही थी।

### ऐसे बनाया था जहर

उसने स्वीकार किया कि उसने अपने क्यूबेक स्थित घर में रिसिन-अरंडी की फलियों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से जहर बनाया था और इसे पत्र के साथ एक लिफाफे में रखा था। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी में जैविक हथियार के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद वह सजा पर सहमत हो गई थी। गौरतलब है कि 2014 में, तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा और अन्य अधिकारियों को राइसिन युक्त पत्र भेजने के बाद मिसिसिपी के एक व्यक्ति को 25 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

## पाक: इमरान और बुशरा बीवी पर सबसे संगीन आरोप

# खान चलाते थे सेक्स रैकेट

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। अब उन पर और उनकी तीसरी बीवी बुशरा बीबी पर बेहद संगीन और सनसनीखेज आरोप लगे हैं। दरअसल, एक अनाथ बच्चों के वेलफेयर सेंटर की सुपरिंटेंडेंट रह चुकी एक महिला ने इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार काशाना वेलफेयर हाउस की पूर्व सुपरिटेंडेंट अफाशा लतीफ ने दावा किया है कि जब इमरान खान पीएम थे, तब अनाथ बच्चियों को उनके घर भेजा जाता था और वहां उन बच्चियों का यौन शोषण होता था।

इतना ही नहीं, लावरिश बच्चियों को डराया धमकाया जाता था कि वे अपना मुंह न खोलें। लतीफ का दावा है कि कई लावारिश बच्चियां आज भी लापता हैं।



### जानवरों से भी बदतर सलूक

रिपोर्ट के अनुसार अफाशा लतीफ ने कहा कि अनाथ बच्चियों के साथ जानवरों से भी बदतर सलूक किया जाता है। कई लड़कियों के प्राइवेट पार्ट तक को इस कदर जख्मी कर दिया जाता था कि उनकी सर्जरी करानी पड़ती थी। अफाशा ने इमरान खान और उनकी बीवी बुशरा बीबी के साथ अजमल चीमा का भी जिक्र किया और कहा कि चीमा ने दो लावारिश लड़कियों का यौन शोषण कराने के बाद पागल करार देकर पागलखाने में शिफ्ट करा दिया। साथ ही, यह भी बड़ा आरोप लगाया गया है कि इमरान के कार्यकाल में पीएमओ में भी क्रूरता हुई और कई लड़कियों की हत्या कर दी गई।

### अफाशा का पत्र वायरल


इस पूरे मामले का भंडाफोड़ करते हुए अफाशा लतीफ ने एक पत्र भी लिखा है, जो वायरल हो रहा है। अफाशा का कहना है कि मैंने अपनी नौकरी और अपनी जान को दांव पर लगातार इमरान खान की काली करतूतों की पोल खोली है, क्योंकि यह सब मुझसे नहीं देखा गया। गौरतलब है कि फिलहाल तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद इमरान खान को तीन साल की सजा सुनाई गई है और वे अभी जेल में बंद हैं।

## दुनिया के सबसे अमीर उद्यमी एलन मस्क का बड़ा बयान...

# रामास्वामी राष्ट्रपति पद के लिए होनहार प्रत्याशी

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिकी अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने शुक्रवार को भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे विवेक रामास्वामी की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'होनहार उम्मीदवार' बताया। एक्स पर राजनीतिक टिप्पणीकार



और टॉक शो होस्ट टकर कार्लसन के साथ रामास्वामी के साक्षात्कार का एक वीडियो साझा करते हुए मस्क ने कहा, 'वह एक बहुत ही आशाजनक उम्मीदवार हैं।' अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। 38 साल के रामास्वामी सबसे कम उम्र के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। उन्होंने फरवरी में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वे अब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के बाद तीसरे नंबर पर हैं। टेक उद्यमी को रिपब्लिकन पार्टी के 9 प्रतिशत नेताओं का समर्थन प्राप्त है, जबकि ट्रम्प को 47 प्रतिशत का समर्थन प्राप्त है, इसके बाद रॉन डेसेंटिस को 19 प्रतिशत का समर्थन प्राप्त है।

## US देगा यूक्रेन को एफ-16 विमान

**दहेग।** नीदरलैंड के रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका ने उनके देश को यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करने के लिए मंजूरी दे दी है। नीदरलैंड के रक्षा मंत्री कजसा ओलोनग्रेन ने 'एक्स'पर लिखा, 'मैं यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति का रास्ता साफ करने संबंधी अमेरिका के निर्णय का स्वागत करता हूं। यह हमें यूक्रेन के पायलटों को प्रशिक्षण देने की मंजूरी देता है।'

## X के सामने पेश करनी होगी सरकारी ID

# लाइव सेल्फी से होगा वेरिफिकेशन

**एजेंसी** | वाशिंगटन

लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X की ओर से कई बदलाव किए जा रहे हैं और अब यह एक नए ID वेरिफिकेशन फीचर पर काम कर रहा है। नए फीचर के साथ यूजर्स को उनके गवर्मेंट अप्रूव्ड ID प्रूफ की फोटो अपलोड करनी होगी और इसके साथ लाइव सेल्फी शेयर करते हुए पहचान वेरिफाई करने को कहा जाएगा। यह फीचर अभी




डेवेलपमेंट मोड में है, लेकिन इसकी मदद से पहचान की चोरी और फेक अकाउंट्स पर रोक लगाई जा सकेगी।

एप रिसर्चर एवं यूजर निमा ओव्जी ने X पर मिलने वाले नए ID वेरिफिकेशन की जानकारी दी है और स्क्रीनशॉट शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि X पर ID वेरिफिकेशन की पूरी प्रक्रिया में करीब 5 मिनट का वक्त लगेगा और यूजर को ID कार्ड की फोटो के अलावा सेल्फी भी अपलोड करनी होगी। X का यह ID वेरिफिकेशन फीचर मौजूदा वेरिफाइड स्टेटस से पूरी तरह अलग है, जिसमें भुगतान करने पर ब्लूटिक दिखने लगता है।

## बेंगलुरु और सोलापुर में मनाया 'जीरो शैडो डे'

# कुछ पल नहीं दिखाई दी कोई परछाई

**एजेंसी** | बेंगलुरु

खगोलीय दृष्टि शुक्रवार को परछाई नहीं दिखने की अद्भुत घटना हुई। भारत में यह अनोखी खगोलीय घटना देखने और इसका अनुभव करने के लिए महाराष्ट्र के सोलापुर और कर्नाटक के बेंगलुरु सहित कई जगह 'जीरो शेडो डे' मनाया गया।

यहां पर दोपहर 12 से 1 बजे के बीच डेढ मिनट के लिए लोगों को अपनी परछाई भी नजर नहीं आई। यह स्थिति साल में दो बार बनती है जब हर चीज की परछाई गायब हो जाती है। क्योंकि कुछ समय के लिए सूरज की किरणें लंबवत पड़ती हैं। कुछ पल के लिए हर उस चीज की परछाई गायब हो जाती है, जिस पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं।


@ सोलापुर

### डेढ़ मिनट तक रहा ऐसा

खगोल वैज्ञानिकों का कहना है कि जब पृथ्वी के अपनी धुरी और सूर्य की परिक्रमा के दौरान सूरज पृथ्वी के बीचों बीच यानी बिल्कुल ऊपर आ जाता है, तो किसी चीज की परछाई दिखाई नहीं देती है। यह दृश्य सिर्फ डेढ़ मिनट के लिए होता है, जिन पलों में सूर्य की किरणें धरती पर लंबवत पड़ती हैं। उस दौरान परछाई पैरों के बिल्कुल नीचे आ जाती है, जिसकी वजह से नजर नहीं आती।

### राजस्थान में असर इसलिए नहीं

यह घटना दक्षिणी क्षेत्रों में ही देखी गई है। राजस्थान में ऐसा दृश्य यानी जीरो शैडो नहीं होता है, क्योंकि राजस्थान का लेटीट्यूड 27 है। बिलो 23 लेटीट्यूड वाले इलाकों में ही यह घटना दिखाई देती है। इससे पहले बेंगलुरु में 25 अप्रैल को ऐसा नजारा दिखाई दिया था। अप्रैल और अगस्त के महीने में इन दोनों दिन धरती पर कर्क और मकर रेखा के बीच के स्थान पर सूर्य की रोशनी बिल्कुल लंबवत पड़ती है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl